MR. CHAIRMAN: Question Hour is over.

[Answers to Starred and Un-starred Questions (Both in English and Hindi) are available as Part -I to this Debate, published electronically on the Rajya Sabha website under the link https://sansad.in/rs/debates/officials]

---

*MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, now, further discussion on the Motion moved by Ms. Kavita Patidar on 2nd February, 2024, and the Amendments moved thereto. On the 6th February, 2024, Shri Ajay Pratap Singh had concluded his speech. Now, Shri K. Vanlalvena, not present. Smt. Jaya Bachchan.

SHRIMATI JAYA BACHCHAN (Uttar Pradesh): I am very lucky today, Sir.

MR. CHAIRMAN: High priority; a well-deserved precedence.

SHRIMATI JAYA BACHCHAN: Sir, probably, being one of the last speakers of the day on the Motion of Thanks on the President's Address, I know that I might sound a bit repetitive, because many Members have spoken on certain things that I am going to speak. But, I think, it is important to highlight them because when you keep speaking on certain points again and again it, probably, will get home and will be taken note of.

Sir, first, I would like to congratulate and support Mr. K.R. Suresh Reddy from BRS who, the other day, spoke that Legislatures are fast surging into irrelevance. I absolutely agree with him. After being in this House for the last twenty years, unfortunately, I can see the decline. This makes me very sad. Now, it is not a pun. You express sadness for so many things. आप दिन में at least 7-8 बार तो sad हो जाते हैं। आज जवाब देते वक्त बहुत से मंत्री भी बहुत sad हो गए।

MR. CHAIRMAN: Madam, did you have statistics as a subject? Go ahead.

---

*Further discussion continued on a motion moved on 2nd February, 2024.

श्रीमती जया बच्चन : तो मैं भी इस वजह से कि Legislatures का जो fast surging of irrelevance हो रहा है, उससे बहुत sad हूँ। And, I am sure, you will understand. In the hon. President's Speech, a special reference...अगर आप लोग बात करना बंद कर दें, तो मैं बोलूँ! सर, कॉन्फ्रेंस चल रही है, मैं क्या बोलूँ!

MR. CHAIRMAN: Please, please. Let the House be in order.

SHRIMATI JAYA BACHCHAN: The hon. President in her Speech made a special reference to Viksit Bharat and its four pillars — Youth power, Women power, Farmers and Poor. सर, यह 'Poor' अलग से mention ही नहीं करना चाहिए। Farmers are poor. इसलिए 'Poor' अलग से होना ही नहीं चाहिए था, मगर it is not her fault. Whatever has been given her to speak, she did the same.

Sir, the Central Government has written off Rs. 10.5 lakh crores for companies, but it has not waived off farm loans! I am sad. The country, in 2022, had witnessed an unprecedented farmers' movement due to which the Government was forced to withdraw three agricultural laws. The assurance given, at that time, by the Government was to take back their agitation and there will be increase in the MSP. But, the fact is, no assessment of farmers' income has been carried out by the Union Government since 2013.The incomes needed to grow by 10 per cent every year in order to double them by 2022. But the growth in farmers' income has been around 3.5 per cent only. I am sad! Thirty people, involved in the farming sector, committed suicide every day in 2022. The current farmer suicide data for the year 2023 stands at 320 deaths per day. Sad, Sir! Very sad!

(MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the chair.*)

Now, I come to the second pillar — youth power. India has the youngest population in the world and youth is the future of our nation, which I am sure everyone will agree to. But, let me show you the mirror. According to the Government data available in public domain, unemployment amongst the graduates and the post-graduate students, in the age group of 20 to 30 years, is 38.67 per cent. For every 15 lakh engineering graduates, only 2.5 lakh secured jobs are there in core engineering industry. Recent reports in media, which were widely circulated, need to be mentioned here. In December, 2023, for the post of peon in Uttar Pradesh *Jal Vibhag,* one lakh applications were received. And, the shocking fact is that the youth who had applied for it had MBA, MBBS, and post-graduate degrees. Let me quote another incident. In Hinjewadi, Pune, for the post of Junior Developer, hundreds of

aspirants had lined up in January 2024. For 25 openings, the recruiter had received 2,900 applications. सर, जब युवा शक्ति अनइम्प्लॉयड रहेगी, तो विकास कहाँ से होगा? I am sad!

Now, I come to the third pillar — women power. The Parliament in a Special Session passed the 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम'. But, the fact is crimes against women have increased by 31 per cent. The crimes reported by women increased by 50 per cent. This is the data given by the Government organizations. It is not my जुमला. The recent brutal crime against *dalit* girls in a village of Uttar Pradesh is testimony of how unsafe our women are. Especially yesterday, in the morning, we got to hear that a student in a university in UP complained against a professor of harassment. It is a shame! इससे मेरे मन में एक सवाल उठता है कि सही जवाब क्या है - जो सरकार ने बताया या जो आम Government reports के through आयी हैं, जो डेटा प्रोवाइड किया गया है? The fact is that this Bill may take several years before it comes into effect, as the hon. Home Minister made the delimitation process a contingent. What's the point of this Bill if this is going to take years before women get democratic rights? Why was a Special Session was called for a cosmetic Bill? What was the hurry? I am sad!

अब जनगणना पर आते हैं — the fourth pillar. In order to give their due share to all the sections of the society in the Government schemes, without any discrimination, it is necessary to have correct and accurate figures of the numbers before the coming elections. The Government is silent on the question of Caste Census. Continuously ignoring this issue, the Government is violating the rights and interests of the poorest of the poor sections of the society. I request the Government on behalf of my party, to hold the caste-based census before the elections and to include OBCs and minorities, especially the women in the minorities. Lastly, Sir, I would like to end by saying, बचपन में, जब हम छोटे थे, तब पहले घर में, उसके बाद स्कूल्स में हमें बताया गया कि अगर जिंदगी में सबसे बड़ा पाप है, तो वह है झूठ बोलना। I do not want to comment on it. झूठ बोलना बंद करना चाहिए। Thank you very much for giving me this opportunity.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you, Jaya *ji*. Now, Shri Kartikeya Sharma.

SHRI KARTIKEYA SHARMA (Haryana): Thank you, Mr. Deputy Chairman, Sir. I express my heartfelt gratitude for allowing me to speak on the inspiring speech delivered by the hon. President. Under your leadership, this assembly has always worked towards promoting the values of democracy and citizenship. I would like to extend my sincere thanks to the hon. President, Draupadi Murmu*ji,* for her motivational speech.

"उन्नति की राह पर हम सभी चलेंगे,
संघर्ष को हरा कर विजय की ओर बढ़ेंगे।"

Her words have shed light on the welfare schemes underway in our country. Under the leadership of the Prime Minister, Shri Narendra Modi, India has made a significant progress in various sectors over the past decade.

The ideals of the Bhagavad Gita, "You have the right to perform your prescribed duties, but you are not entitled to the fruits of your actions," resonate with the way the Prime Minister, Narendra Modi's Government has diligently fulfilled its duties. The mantra of 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास', epitomizes the policies of this Government.

In spite of the biggest pandemic in the world, the world has seen in the last 100 years, the two simultaneous global crises leading to the global economic problems, India has marched ahead. Recently, the IMF has quoted India as the 'bright spot.' The Indian economy will contribute about 16 per cent to the world's economic growth. India has succeeded in maintaining a GDP growth rate of over 7.5 per cent consistently for two quarters, showcasing its resilience and capability.

On the diplomatic front, by hosting the historic G-20 Summit, India has strengthened its position on the global stage and reaffirmed its commitment to the cooperative efforts for world peace and prosperity.

With a commitment to technological advancement and the digital integration, the Indian Government has rapidly implemented 5G technology. This demonstrates a strong position in the global leadership in telecommunications, ensuring that every citizen can benefit from the digital age. There has been a significant progress in the financial transactions through digital means. A record 1,200 crore transactions have been conducted via UPI and Rs.34 lakh crores have been transferred through debit cards and digital transactions. This shift towards a cashless economy ensures inclusive financial access for all sections of society.

Sir, when I was 11 years old, I remember a quote from a very famous American show called Star Trek and it had a famous tag line which said "To boldly go where no man has gone before." Sir, honestly, I never thought that such a statement would be possible in the Indian context. But, today, I can proudly say that India has dared to go where no one has gone before. India has become the first country to hoist its flag on the Southern Pole of the Moon. Sir, such achievements are for the entire nation, and we must rise above our differences and politics, acknowledge and applaud such historic achievements. As many Members including me sitting in this august House

might be forgotten in the passage of history but such events are enshrined in our history forever.

As former President, Dr. A.P.J. Abdul Kalam, said, “Science and technology are the means to realize our dreams”, and the current Government is living up to this ideology through its actions. But, sadly, Sir, as the hon. Prime Minister has so aptly mentioned, a few in the Opposition are unable to recognize the country’s achievements. They are fixated on this cancel culture and have failed to recognize all these achievements.

Sir, मिर्ज़ा ग़ालिब का एक शेर है, यह cancel culture वालों के लिए समर्पित है:

"हर एक बात पे कहते हो तुम कि तू क्या है,
तुम्हीं कहो कि ये अंदाज़-ए-गुफ़्तुगू क्या है।"

...(समय की घंटी)....

I would like to mention certain facts. Thanks to the Prime Minister Modi’s visionary leadership, projects like the Atal Setu have expanded the scope of foundational infrastructure in India significantly. The National Highways which were 91,287 kilometers in 2014 have increased to approximately 1,46,000 kilometers by 2023, making a growth of about 59 per cent. Similarly, railway tracks have also increased from 21,413 kilometres to 1,04,647 kilometres. As a lifeline of our nation, the Indian Railways has undergone a significant transformation with over 25,000 kilometres of railway tracks being laid. Even the aviation sector has achieved historic milestones.

Sir, the number of IITs, IIITs, IIMs and AIIMs has grown. From 16 IITs, 13 IIMs, 9 IIITs and 7 AIIMS in 2014, 23 IITs, 21 IIMs, 25 IIITs and 23 AIIMS have been opened in the last 10 years, reflecting the commitment to excellence in higher education and healthcare services. Sir, the list is endless whether I talk about Ayushman Bharat which is the world’s largest healthcare programme, or the world’s largest Food Security Programme which is feeding more than 80 crore people. The Government has ensured that distinction that exists between is completely done away with, with all the Schemes reaching to people equitably regardless of social status or religious identity. The Schemes have ensured that people are integrated into the financial, social, economic fabric of this country which is crucial for building the idea of our nation.

Sir, whether I talk about *Swatchhata Bharat Mission* which has completed 110 million toilets or various other provisions that the Government has achieved, the list is endless. But some people can’t see it.

सर, वसीम बरेलवी जी की कुछ लाइंस हैं, जो बिल्कुल उपयुक्त हैं और इन पूरी चीज़ों को sum up करने के लिए अच्छी रहेंगी।

"अपने चेहरे से जो जाहिर है छुपाएँ कैसे,
तेरी मर्ज़ी के मुताबिक नज़र आएँ कैसे,
कोई अपनी ही नज़र से तो हमें देखेगा,
एक कतरे को समुंदर नज़र आए कैसे?"

Sir, the Prime Minister Modi, has instilled a sense of nationalism and patriotism among the youth. Campaigns like Make in India, Self-Reliant India and Start-up India have inspired the youth to contribute towards the county's development.

Sir, not only this, but the Prime Minister has also made efforts, under his Government, to promote Indian culture and heritage bringing Yoga at the centre-stage of the world. It is imperative to acknowledge the return of Lord Shri Ram to his home, Ayodhya, which has been eagerly awaited by the country's citizens, crores of citizens across the nation, including those from Haryana. Therefore, I express heartfelt gratitude to the Government and the Prime Minister for making it possible to fulfling the sentiments and expectations of all the citizens. Bearing witness to this historic moment personally, I believe that the Divine's smile of the Idol Lord signifies the arrival of good times to come for us.

Sir, yesterday, a very senior Member was talking about how many times Lord Ram's name was taken in the President's Address and subsequently. I come from Haryana. In Haryana, we have a way of greeting people. We say, 'Ram, Ram' when we meet someone. That is the traditional norm irrespective of caste, colour, religion or creed. *...(Interruptions)...*

श्री उपसभापतिः कृपया बैठकर न बोलें।

SHRI KARTIKEYA SHARMA: Sir, I would like to urge the Members not to take it in a different context and realize that it is a matter of faith and it is a matter of culture and custom.

Sir, finally, as he reflects on the remarkable journey on a country's progress, it is impossible to overlook the signifcant role that has been demonstrated by the Government and the Prime Minister.

Sir, in the end, I would also like to mention another point since I was not in the House yesterday. In the Address, a very senior Member of Parliament and our dear friend who also comes from the same fraternity, as you are and I am, from the media industry spoke about that how media has been completely castigated and is playing a

role which is only playing to the gallery of the Government, even give acronym to 'Media' and called it 'Modia'. Sir, I would like to request you that such statements should not be encouraged in the House because media is the fourth pillar of our democracy and whenever the democracy has been challenged historically, it is media which has come to the forefront to save the democracy and the values and principles of democracy. Whether it was during the Emergency period, whether it has been any other point where the country and the people of the country have needed it, media has always risen to the occasion. To paint and castigate media in a particular light and showcase it in a particular manner is very unfounded. The gentleman in question himself represents the media and the television network. So, I would strongly urge the Chair to look at that instance and disregard that remark from there. Thank you very much, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you, Kartikeya Sharmaji. Now Shri Praful Patel.

श्री प्रफुल्ल पटेल (महाराष्ट्र) : माननीय उपसभापति महोदय, माननीय राष्ट्रपति महोदया ने हमारे दोनों सदनों को सम्बोधित किया। यह हमारे भारत के लोकतंत्र की गरिमा और बड़प्पन है कि एक दूरदराज के गाँव में रहने वाली आदिवासी, अनुसूचित जनजाति की एक महिला को भारत के सर्वोच्च स्थान पर बैठने का मौका मिला और हमको उनका उद्बोधन सुनने का भी अवसर प्राप्त हुआ। उसी तरह से हमारे देश के लोकतंत्र की यह भी बहुत बड़ी महिमा है कि सामान्य व्यक्ति भी इस देश के सर्वोच्च अधिकार को प्राप्त करके देश के प्रधान मंत्री जी का दायित्व निभा सकता है। हमारे भारत के संविधान में यह जो प्रावधान किया गया है, हमने उसको साक्षात होते हुए देखा है। केवल इतना ही नहीं, भारत के लोकप्रिय प्रधान मंत्री बनने का अवसर तो उन्हें प्राप्त हुआ ही है, सौभाग्य प्राप्त हुआ है, लेकिन विश्व में भी आज जिन चंद नेताओं को एक सर्वमान्य अधिकार प्राप्त हुआ है, उनमें से एक हमारे प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी हैं, यह हमारे लिए भी एक बहुत बड़े सौभाग्य की बात है। हम सब लोगों को लोकतंत्र में यही हासिल करने की कोशिश करनी चाहिए कि इस सदन और दोनों सदनों के माध्यम से हम देश के लोगों को कोई न कोई एक ऐसा संदेश दें, जिससे भारत की एकता और हमारे विकास के सफर में तथा अन्य सारी चीजों में हमको सफलता मिले। हमारी सरकार की ओर से प्रधान मंत्री जी ने पिछले करीब 10 वर्षों से नेतृत्व किया है और उनके humble बैकग्राउंड की वजह से जो चीज़ मैंने देखी है और सभी देशवासियों ने अनुभव की है कि उन्होंने शुरू किससे किया था! उन्होंने 'स्वच्छ भारत अभियान' से शुरुआत की, फिर उन्होंने टॉयलेट्स की उपलब्धता, यानी हमारे हर भारतीय को शौचालय मिलना चाहिए, उन्होंने यह मुहिम चलाई। उसके बाद सबको घर मिलना चाहिए, उसके बाद सबको स्वच्छ जल मिलना चाहिए, उसके बाद सबको किफायती और अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए, स्वास्थ्य और आरोग्य के प्रति सब लोगों का ध्यान रखना चाहिए और किसी को भूखा सोना न पड़े, हमारे देश में यह व्यवस्था होनी चाहिए। अगर आप देखें, तो एक व्यक्ति की, एक नागरिक की जो सामान्य ज़रूरत होती है, पहले उसको एड्रेस करने की, उसका समाधान करने की प्रधान मंत्री जी ने

अपनी सरकार के माध्यम से कोशिश की है। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि 80 प्रतिशत लोगों को कहीं न कहीं इन चीजों से जूझना पड़ता है और इसका समाधान बहुत बड़े पैमाने पर सरकार ने किया है। देश के लोगों की संख्या 140 करोड़ है, स्वाभाविक है कि सबकी आकांक्षाओं की एक साथ पूर्ति नहीं हो सकती है, लेकिन उसके बावजूद उस दिशा में तेजी से सरकार ने कदम बढ़ाए हैं, यह हम सबके लिए एक समाधान की बात है और इसी दिशा में सरकार और तेजी से काम करेगी, कर भी रही है, यह राष्ट्रपति महोदया के अभिभाषण में हम लोगों को सुनने को मिला। यह अभिनंदनीय है।

सर, हमारे देश ने कई पहलुओं पर प्रगति की है। इसमें किसानों का जहां तक सवाल आता है, मुझे याद है कि हमारी जब यूपीए की सरकार थी, जब मैं उसमें मंत्री था, एक बार 72 हज़ार करोड़ रुपये की कर्ज़ माफी की गई थी और कई सालों के बाद एक वह कर्ज़ माफी की गई थी। पूरे देश में ऐसा एक उत्साह का वातावरण था कि देखिए, सरकार ने किसानों के प्रति इतना बड़ा मदद का हाथ बढ़ाया है, लेकिन हमको इस बात का भी उतना ही एहसास करना ज़रूरी है कि पिछले तीन-चार वर्षों में प्रधान मंत्री जी ने कितनी योजनाएं, कितने लाखों-करोड़ों की योजनाएं हमारे किसानों के लिए प्रदान की हैं, उनमें 'किसान सम्मान निधि' का ही हिसाब करें तो पिछले तीन वर्षों में करीब 2 लाख 70 हज़ार करोड़ रुपए इस देश के किसानों के खातों में जमा हुए हैं। यह योजना बंद नहीं होने वाली है, यह निरंतर जारी रहने वाली है और हो सकता है, संभावित है कि आने वाले वर्षों में इसकी जो मात्रा है - 6,000 रुपये प्रति किसान सालाना - उसको भी बढ़ाया जा सकता है। मैं उसका एक उदाहरण देना चाहता हूं कि महाराष्ट्र में, जहां से मैं आता हूं, वहां की हमारी महाराष्ट्र सरकार ने इस 6,000 रुपये की धनराशि के साथ अपनी ओर से भी 6,000 रुपये जोड़ दिये हैं, जिससे किसानों को हर साल 12,000 रुपये मिलते हैं। यह भी एक प्रशंसनीय कदम है, इसके बारे में भी हम लोगों को ध्यान देना चाहिए। किसानों की कितनी सारी समस्याएं थीं...जैसा मैंने कहा कि प्रधान मंत्री जी ने छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दिया। जैसे soil health है, तो Soil card होना चाहिए। किस भौगोलिक परिस्थिति में कौन-सी उपज ज्यादा उपयोगी रहेगी, उसका yield ज्यादा आएगा, इन सारी छोटी-छोटी बातों पर सरकार ने ध्यान देने का काम किया। किसानों को जो क्रॉप लोन मिलता था, उसकी मात्रा कई लाखों-करोड़, कई द्विपद, त्रिपद, चारपद हो गई, जो पहले मिलती थी, यह भी कोई छोटी बात नहीं है। हमारा देश बहुत सारी खाने-पीने की वस्तुओं का आयात करता था, वह जमाना तो खैर पुराना है कि हम लोग PL-480 गेहूं भी मंगाते थे, लेकिन उसके बाद जो भी प्रगति हुई, उससे भी ज्यादा तेजी पिछले कुछ वर्षों में हुई है। पांच लाख करोड़ से ज्यादा, देश जो बाहर से आयात करता था, आज वह देश food and food products and agricultural products एक्स्पोर्ट करता है। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है, जिसको नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। मैं किसानों के बारे में बहुत सारी बातें बोल सकता हूं, लेकिन सीमित समय की वजह से नहीं बोल पाऊंगा। सर, मैं परसों मत्स्य व्यवसाय के बारे में सुन रहा था और बजट में भी उसका उल्लेख हुआ। आज inland fisheries and ocean fisheries में बढ़ोतरी हुई है, आज भारत विश्व में one of the largest exporters of marine products हो गया है। Prawns, जो झींगे होते हैं, आज आंध्र प्रदेश में, तेलंगाना में, गुजरात और ओडिशा के कोस्ट में inland fisheries के माध्यम से जो उपज तैयार होती है, यह हजारों-करोड़ की मात्रा में एक्स्पोर्ट होती है and we are probably the largest exporter of prawns in the world. इस

प्रकार से एक-एक चीज़ को ध्यान में रखते हुए लोगों की आमदनी बढ़ी है। आज दूध उत्पादन में हम विश्व में एक नंबर पर हैं। उसमें भी प्रति animal हम कैसे उसकी मात्रा, yield productivity बढ़ा सकते हैं, इसके बारे में ध्यान दिया जा रहा है। मैं value-addition products के बारे में कहना चाहता हूं। एक जमाने में हमें अमूल का नाम मालूम था। आज आपको भारत के हर राज्य में अमूल का मॉडल देखने को मिलता है, जिससे किसानों की आमदनी बढ़ी है और एक अतिरिक्त धंधा, एडिशनल इनकम, सप्लीमेंटरी इनकम इसके माध्यम से बहुत बड़े पैमाने पर लोगों को मिल रही है। ये भी हमारे लिए एक समाधान का विषय है। आज हर व्यक्ति बोलता है कि देश में बेरोजगारी है। पहले बेरोजगारी कितनी थी और आज कितनी है, इसकी भी तुलना करना जरूरी है। अगर आप कहेंगे कि 140 करोड़ में हर व्यक्ति को white collar, blue collar jobs मिल जाएं, तो ऐसा सीमित समय में संभव नहीं होता है, लेकिन यह भी देखना पड़ेगा कि दस साल के दायरे में इसकी मात्रा कितनी कम हुई और कितने बेहतर अवसर हमारे नौजवानों को आज प्राप्त हो रहे हैं। केवल आपको फैक्टरी में ही काम करना है। मैं भी दस साल सरकार में रहा। एक ऐसा दौर आ गया था कि हमारे देश में manufacturing activities गायब हो गई थीं। कोई नया उद्योग नहीं लगता था, लोग हिचकिचाते थे, लेकिन पिछले दस वर्षों में प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में 'Make in India', 'Atamnirbhar Bharat' आदि योजनाओं के माध्यम से, 'Ease of doing business' के माध्यम से आज विदेशों से लाखों-करोड़ों का निवेश हो रहा है। केवल विदेशों का ही क्यों, आज हिन्दुस्तान में पैसा कम है, तो यह मानना गलत होगा। आज हमारे भारतीय बैंकों में इतना पैसा है, अर्थव्यवस्था में इतना पैसा है कि इकोनॉमी अपने ही momentum से बहुत तेजी से बढ़ने लगी है। यह हमारे लिए गर्व की बात होनी चाहिए। आज 7 परसेंट जीडीपी ग्रोथ है। पहले की 7 परसेंट और आज की 7 परसेंट की ग्रोथ में बहुत फर्क है। बेस कितना बढ़ गया है। पहले हम छोटे बेस पर 7 परसेंट गिनती करते थे और उसमें भी बहुत साल तो negative growth और एक परसेंट, दो परसेंट ग्रोथ पर आ गए थे। आज लगातार हमारी इकोनॉमी ग्रो कर रही है और बड़े बेस पर ग्रो कर रही है। हम 5 ट्रिलियन डॉलर की बात करते हैं। मुझे विश्वास है कि जिस तरह से, क्योंकि थोड़ा बहुत बिजनेस और इकोनॉमी के बैकग्राउंड को मैं भी समझता हूं, मुझे भी इसका थोड़ा अनुभव है, इसके आधार पर मैं कहना चाहता हूं कि हमारे देश में 5 ट्रिलियन इकोनॉमी के लिए सरकार ने जो समय दिया है, यह उससे भी पहले होने वाली है और उससे भी ज्यादा तेजी से हमारा देश विश्व का डेफिनेटली एक इकोनॉमिक पावर हाउस और मैन्युफैक्चरिंग पावर हाउस बनने जा रहा है। सर, यह बहुत बड़ी उपलब्धि है और हम इसको नज़रअंदाज करके नही चल सकते हैं। यह इकोनॉमी सब सैक्टर्स में बढ़ रही है। सर, एक जमाने में तो हम लोग पारम्परिक बातों की ही चर्चा करते थे, लेकिन आज Artificial Intelligence है, space है, drones हैं, हम कौन सी चीज़ अपने देश में नहीं बना पा रहे हैं, हम सब कुछ बना रहे हैं। आज IT sector में नये-नये products बना रहे हैं, विश्व की बड़ी से बड़ी कम्पनियां अपने रिसर्च एंड डेवलपमेंट का काम भारत में कर रही हैं। भारतीयों की intelligence power, brain power और innovative power — यह सब हमें really विश्व में propel कर रहा है। आप जानते ही हैं कि विश्व की जो बड़ी-बड़ी IT and technology companies हैं, उनको आज भारतीय head करते हैं। यह उसकी एक मिसाल है। आज भारत के भीतर इस क्षेत्र में बहुत बड़े पैमाने पर प्रगति हो रही है। हम लोग इसको बहुत अच्छी तरह से महसूस करते हैं और इस पर हम सब को गर्व होना चाहिए।

सर, हम बहुत सारी बातें करते हैं। अब मैं energy sector की बात करता हूं। हमारा देश energy deficient है, हमें oil import करना पड़ता है, gas import करनी पड़ती है, बाकी की भी बहुत सारी चीज़ें हम लोग import करते थे। आज धीरे-धीरे हमारा देश एक नई दिशा में, नये आयामों को छूने जा रहा है। उसमें खास कर आप देखेंगे, तो renewable energy sector है। सर, मैं बहुत विश्वास के साथ कहना चाहता हूं कि विश्व में जितने देशों में आज renewable energy sector में काम हो रहा है और जितनी वहां पर investment हो रही है, उसकी मात्रा में आज भारत में सही मायने में, I can say, as a proud Indian, that we are, probably, one of the most advanced countries in the area of renewable energy. इसको हम जितना बढ़ावा देंगे, उसका फायदा आने वाली पीढ़ियों को मिलने वाला है। आगे आने वाले दिनों में जो oil and gas है, उसकी मात्रा धीरे-धीरे कम होती जाएगी, हमारे petroleum products और कोयला सब कम होने वाला है। हम जिस तेज़ी के साथ renewable energy की तरफ जा रहे हैं, हम जिस तरह से green hydrogen में जा रहे हैं, हम जिस तरह से solar में जा रहे हैं, हम जिस तरह से wind में जा रहे हैं और हमारे देश में बहुत बड़े पैमाने पर ethanol का प्रोडक्शन हो रहा है, हम लोग ये सोचते थे कि ethanol केवल गन्ने से ही बनता है, उसको भी आज grain-based ethanol से बनाते हैं, plant-based ethanol में क्या-क्या उसमें नये innovations हो रहे हैं - ये सारी चीज़ें भविष्य के 10, 20, या 50 साल के लिए तैयारी कर रही हैं, इसमें विश्व अभी भी पीछे है। इस दिशा में हम बहुत तेज़ी से आगे जा रहे हैं। सर, यह हमारे लिए बहुत गौरव की बात है।

सर, हम डिफेंस सैक्टर के संबंध में यह सोचते थे कि इसमें जो भी बातें होती हैं, वे इम्पोर्ट के माध्यम से ही पूरी होती हैं। हमारा कोई भी वैपन बाहर से आएगा, तभी हमारी आर्म्ड फोर्सेस तैयार होंगी, लेकिन सर, आज ऐसी बात नहीं रही है। आज बाहर से जो भी आता है, उसमें high technology के products जरूर आते हैं, मगर धीरे-धीरे जिस तरीके से इस पर फोकस किया जा रहा है, जिस तरह से partnerships in India should be developed if you want to sell in India. यहां पर ही manufacturing होगी, यहां ही R&D होगी, आज ये सारी चीज़ें एक बदलते हुए आत्मनिर्भर और शक्तिशाली भारत का चेहरा है। आखिर भारत के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती है। ऐसे कितने देश होंगे, जिनको इतनी बड़ी सीमाओं की, कठिन सीमाओं की सुरक्षा करनी पड़ती है। हमारे देश के जवानों को पहाड़ों पर 15 हजार, 20 हजार फुट की ऊंचाई पर तैनात रहना पड़ता है। हमारे देश का सात हजार किलोमीटर का समुद्री किनारा है और इसके अलावा Indian Ocean का इतना बड़ा expanse है, कहीं रेगिस्तान में हमारा बॉर्डर है। जितनी अहम चुनौतियां हमारी डिफेंस फोर्सेस को मिलती हैं, शायद ही विश्व में किसी और देश की फोर्सेस को मिलेंगी, ऐसा और कोई देश मुझे देखने को नहीं मिलता है। इतनी चुनौतियों के बावजूद हमारी सेना, हमारी नौसेना, हमारी वायु सेना इतनी मुस्तैदी के साथ सामना कर रही है और हम सब को सुरक्षित रखने का काम कर रही है, इसके लिए हम उनको जितनी सलामी दें, सैल्यूट करें, उतना कम है। हम लोग इस क्षेत्र में भी, डिफेंस प्रोडक्शन में, अलग-अलग चीज़ों में, हवाई जहाज बनाने से लेकर, मिसाइल और अन्य जो भी हमारे आर्मामेंट्स हैं, हम सबमरीन्स बना रहे हैं, एयरक्राफ्ट कैरियर बना रहे हैं - यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। इसीलिए अगर हम उस तरफ भी देखेंगे तो पाएंगे कि हम लोग सही मायने में इस दिशा में बहुत आगे जा रहे हैं। हमारे प्रधान मंत्री जी विश्व गुरु हैं - ऐसा कहने में अब कोई दो राय नहीं हैं। हमारे भारत में कभी ऐसा भी

होगा कि इतने शिखर पर एक नेता विश्व में लोकप्रिय बन सकता है - ऐसा हम कभी भी नहीं सोच सकते थे, लेकिन आज पूरे विश्व में भारत के प्रति एक अलग श्रद्धा है, उसकी तरफ देखने का अलग नज़रिया है और यह प्रधान मंत्री जी की मेहनत, सोच और उन्होंने जिस तरह से संबंध बनाए हैं, उसी का परिणाम है।

महोदय, क्या ऐसा कभी हो सकता था कि इस्लामिक कंट्रीज़ में हम लोगों का एक-दूसरे के साथ इतना ज्यादा संबंध बन सकता है? पहले कई आइडियोलॉजिकल बातें होती थीं, how can this Government ever have relations with these Islamic Countries? लेकिन अगर आज आप देखेंगे, तो पाएंगे कि जिस तरह से इस्लामिक कंट्रीज़ के साथ, अरब कंट्रीज़ के साथ हमारे प्रधान मंत्री जी ने जो इंटर-पर्सनल रिलेशन बनाए हैं, स्ट्रांग पार्टनरशिप फ़ॉज कर रहे हैं, वह प्रशंसनीय है।

महोदय, आज एक ओर जहाँ हम सभी राम मंदिर में राम लला का सौभाग्य प्राप्त कर रहे हैं, वहीं अगले चार दिनों के बाद हमारे प्रधान मंत्री जी अबू धाबी में हमारे पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन करने जा रहे हैं। यह भी अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है कि हम जो कभी सोच नहीं सकते थे, वह चीज़ अब वहाँ पर संभव होने जा रही है।

महोदय, आप एक ओर देखिए कि मैंने राम मंदिर का भी उल्लेख किया है कि हमारे लिए सौभाग्य इस बात का है कि राम मंदिर बना है। सर, यह सौभाग्य की बात तो है ही, लेकिन जिस शांतिप्रिय तरीके से कार्य हुआ, जिस संवैधानिक तरीके से हुआ, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के हिसाब से सारे समुदायों ने, वे चाहे हिंदू हों, मुसलमान हों, सभी धर्म के लोगों ने उसे स्वीकार किया, बहुत शांतिप्रिय तरीके से काम हुआ, उस पर कोई राजनीति नहीं हुई और एक भव्य राम लला का मंदिर, जो कि आपकी, हमारी और सभी की आस्था का स्थान है, आज उसका निर्माण हमारे देश के लाखों और करोड़ों लोगों के लिए एक श्रद्धा का स्थान बना हुआ है। यह हमारे संविधान की ताकत है, हमारी व्यवस्थाओं की ताकत है, जिसके आधार पर आज ये सारी चीज़ें धीरे-धीरे, एक-एक करके संभव हो रही हैं।

महोदय, भारत एक लोकतंत्र है और यही लोकतंत्र की शक्ति है। अगर भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र बना है, तो हम लोगों को इसे भी सराहना चाहिए। हम लोकतंत्र के मंदिर में बैठे हैं और लोकतंत्र के मंदिर में बैठकर मतभेद हो सकते हैं, अलग-अलग सोच-विचार हो सकता है, लेकिन जब राष्ट्रहित का सवाल आता है, तो वहाँ पर हम सभी लोगों को एक होकर इस राष्ट्र को मजबूत बनाने का काम करना होगा।

महोदय, दो महीने बाद चुनाव आएंगे, चुनावों में सभी एक-दूसरे के खिलाफ लड़ेंगे, बोलेंगे, लेकिन आज, जब हम यहाँ पर राष्ट्रपति के अभिभाषण की बात करते हैं, तो इसमें जो भी मुद्दे दिए गए हैं, ये सत्य के आधार पर हैं, जो हुआ है, वह उन्होंने वास्तव में बोला है और वास्तविकता से कभी इंकार नहीं किया जा सकता है। दिन को दिन और रात को रात ही बोलना पड़ेगा। जो अचीवमेंट्स हैं, उपलब्धियाँ हैं, उनके बारे में यहाँ पर जो बातें रखी गई हैं, हमें उनको कहीं न कहीं स्वीकार करके, सबको मिलकर इस देश को आगे बढ़ाने का काम करना होगा।

उपसभापति महोदय, यहाँ पर हमारी महामहिम राष्ट्रपति महोदया ने जो अभिभाषण दिया है, इसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं, उसे पूरी तरह से अपना समर्थन भी देता हूं, लेकिन इसके साथ-साथ यह भी कहना चाहता हूं कि मैं हमारे प्रधान मंत्री जी और इस देश की सरकार को भी

बधाई देता हूं कि उन्होंने बहुत तेजी के साथ इस देश को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए हैं। उनका सभी को साथ लेकर चलने का जो नारा है, वह प्रशंसनीय है। महोदय, जब हम अपोजिशन में थे, तो कई बार इधर-उधर की सभी बातें करते थे, सुनते थे, लेकिन अगर सही में देखा जाए, तो "सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास" केवल नारा नहीं है, बल्कि यह देश में सभी को मिलकर बनाना होगा। देश एक व्यक्ति से, एक पार्टी से या एक सरकार से नहीं, बल्कि 140 करोड़ लोगों से ही बनने वाला है। उसी प्रकार से नेतृत्व भी, जो आज प्रधान मंत्री जी कर रहे हैं, निश्चित तौर पर इस देश के आगे आने वाले भविष्य को देखकर लोग उनका साथ दे रहे हैं और हमें भी इस बात को स्वीकार करना होगा। मैं उनके प्रति भी आभार व्यक्त करता हूं और आपने मुझे अपनी बात रखने का वक्त दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री उपसभापति: माननीय सदस्य, डा. राधा मोहन दास अग्रवाल; उपस्थित नहीं हैं। माननीय सदस्य, डा. के. केशव राव।

DR. K. KESHAVA RAO (Telangana): Thank you, Mr. Deputy Chairman, Sir. I stand to thank the hon. President, though I may not agree with the contents of her Address. I heard my friend, Praful, saying that she spoke the truth. He said that we would be going to elections within one month or two and we would have our own versions to the same. So, I agree to that. All that the Presidential Address spoke was about the decadal achievements, to which few of us people do not totally agree. Sir, mine is a very short intervention. I am going to take three or four minutes because I am not trying to speak on what usually the figures tell us, what the economic development means to us, and all that. I am really speaking about something which has been boggling your mind and bothering your mind. I only want someone like Rakesh Sinha ji or Sudhanshu Trivedi ji to bear me out when I am expressing my agony. This is the anguish, the anguish of a Hindu whom you undermine, looking down upon, only because he does not agree to a few of your words, which you repeat without your understanding them. Sir, for the last few months, I have been going through many books on Hinduism. Yesterday, I had even gone to Rakesh ji to seek an explanation on one of them. I have got the latest book which has come from the Hindu Central College, Varanasi, about Sanatana Dharma. This, I say because when I spoke about Sanatana Dharma, the other day, the Prime Minister felt and said Sanatanis should join together to fight the non-Sanatanis. We are not non-Sanatanis. It is true that the Aryan religion is known as Sanatana Dharma. Sanatana Dharma includes Vedas; it includes epics; it includes Puranas and other Smritis. So, that is all comprehensive. "Ekam Sat Vipra Bahuda Vedanti" is rule. Then, I have gone through Hinduism of S. Radhakrishnan In this book of S. Radhakrishnan, which he had explained himself, he

said about Hindu Way of Life, which has now become Hindu view of life. You can say that he has brought the subtle difference in this book. Then there has been this misunderstanding, and usually you are on your own championing the cause of Hinduism forgetting that what you are talking about is not Hinduism but Brahmanism. I am not against Brahmin caste. I am talking about Brahmanism. I was a student of Indian philosophy. There is a book known as 'Brahmanism, Buddhism and Hinduism'. Everybody has become a priest of Brahmanical Hinduism now, particularly the media. They try to interpret in their own manner as Praful has just now said. We are subject to this kind of interpretation, so much so that we are misunderstood more than we are understood. Then we have many sculptures like Jainism, Sikhism, Budhism. We have got Zoroastrianism, which is very near to Hindu thought. They do not believe in idolatory. I am not going into it because; I am not into religious discourse here. Fortunately, Indian religions and philosophy are intertwined so much so that it is difficult for us to differentiate. Why am I saying all this? Sir, I am saying this because we are talking about Ram Janmbhoomi and Ayodhya Temple. It is a very great temple. But are we going to pray the architecture or sculpture in the temple or Ram? Please understand me, Ram was existing before January 22. He was there in our hearts. Why I am saying this is because in every village of ours, we have a temple, a small temple, few in dilapidated conditions which may not have the monumental beauty that you have. But yet, we always thought that Ram lives there and every morning, our villagers go there to offer *pooja*. Today, by giving this kind of importance or publicity or projection to new temple, what you are doing is you are denigrating our small temples. मुझे साहिर का एक छोटा सा शेर याद आ रहा है -

"इक शहंशाह ने अपनी दौलत की आड़ में बना के ताज महल,
हम गरीबों की मोहब्बत का उड़ाया है मज़ाक।"

इसी तरीके से, आपने बड़ा बनाया है, हम सब लोग उसके साथ हैं, वह आस्था है। हम लोगों ने कभी चैलेंज नहीं किया है। हमारा मंदिर छोटा है, पर वहाँ भगवान रहता है। But don't challenge the *aastha* of the South. Please understand that we're Dravidians. We're Dravidians. We're trying to adjust. We are trying to understand your Thought. Today, there are more temples in the South than in the North. How? Why? When you came down the Narmada, you encountered Dravidians. The DNA studies today tell us that Dravidians were right there in the North also. Why am I saying this? Every time we raise social issues, the objections come as if we are talking something anti-national. The word 'anti-national' is also being used when we talk about some God, whom you monopolised. Do you know something about *Onam*? My Kerala friends

are here. *Onam* is celebrated every year. Our Prime Minister also joins us and tweets us. *Onam* is a festival when we want Emperor Bali to come back. Why? Because Vishnu *avatara-Vamana* had pressed him down into Pathala Lok. We think that he will come back. We are waiting for Emperor Bali to come back. Bali was an Asura king. Respect us. We also have things like that. I know one of the known religious men. He is Digvijaya Singh *ji*. He is so much attached to all the sadhus, seers and priests that he spends all the time with them. In a week he undergoes three days' fasting. We have never objected to that. But why do you object when we have something of our rites to perform? I am trying to tell you that somebody raised a controversy whether Ram ate meat or not. It was about the entire eating habits of the ancient age. Read a book and tell us. If you want to find fault with us, do that and find fault with us, but don't use the word 'anti-Indian' when we interpret Hinduism in our own way-we are Believers. Respect us. Because Dravidians have had their own way of doing things. They tried to integrate themselves. When Aryans came down, we tried to understand them whether they had better things to offer, or not.

(MR. CHAIRMAN *in the Chair.*)

They had one thing known as Sanskrit. We did not know Sanskrit. The greatest revolution, the Cultural Revolution, this country or Asian countries ever witnessed was when you tried to translate all the scriptures into regional languages. This regional language movement came through Bhakti Movement with Ramananda, Kabir or Chaitanya. They brought us nearer to the God. I am a Hindu. I am a devout Hindu. I am a Hindu but I am not allowed to come and sit with you to eat.

MR. CHAIRMAN: Keshava *ji*, through me.

DR. K. KESHAVA RAO: Sir, you allowed me; that is why I am looking there. They don't allow. I am a Hindu but I am not allowed to come and sit with you in a *pankti* when you are eating. I am a Hindu but I am not able to touch your water or your books. I am telling you my experiences. I am telling you my own practical experience. ...(*Interruptions*)... It is all right. Shri Bhupender Yadav may not agree with this because he comes from the ruling class of the North Aryans. We are not. I understand that. I may be Yadav, but down, South Yadav is different from what North Yadav is. Please understand the cultural aspect of it. Today, Shri Pramod Trivedi *ji* raised a matter in his Zero Hour submission. There was something about dharmik tinge to the Constitution and constitutional laws. He said: Have a political

dharma. But don't inject dharma into politics. Because you are interpreting dharma in your own fashion.

MR. CHAIRMAN: Dr. Keshava.

DR. K. KESHAVA RAO: I might be an agnostic, but not an atheist. But I always respect all the cultures. I have never run down anything. My family is a very, very religious family. I may not be.

MR. CHAIRMAN: Dr. Keshava.

DR. K. KESHAVA RAO: I am really sorry, Sir. I am taking some time from you only for three or four minutes. In the beginning, I said it would be a very short intervention. *(Time-bell rings.)* It is only to bring to your notice, my friend's notice, that please don't run us down because you are the majority. Don't run us down because you think you are Aryans; so great. I am asking Rakesh Sinha *ji* or Trivedi *ji*, I am asking them to enlighten this to their friends and colleagues. When they interpret religion in the context of philosophy, let them understand it.

MR. CHAIRMAN: Please wind up.

DR. K. KESHAVA RAO: *Koorma Purana* says that we have many communities, we have many Gods, we have many practices and we have many lines. All of them together make one religion. Aryans accepted that religion as their own religion. So, hereafter, whenever we talk about it in politics, please understand it for ourselves together. For *avatar* to take 1,000 years or 2,000 years or 5,000 years is not a big age for making a civilization. So, it has taken thousands of years for us to begin integration. We are evolving ourselves to become one. Mr. Chairman, you took objection yesterday that we can't use any words which are against India. Mr. Chairman, Sir, we are a Union of States. Let me tell you that under Article 105, I have a right to say that, but not demean my nation. The Constitution says that we are a Union of States; that means, the British Provinces and 600 States joined together to make our nation on some condition (*Time-bell rings*), some agreement and became one and we shall remain one. Thank you.

MR. CHAIRMAN: Thank you, Dr. Keshava, we are enlightened also on constitutionalism. Now, Shri Surendra Singh Nagar.

श्री सुरेन्द्र सिंह नागर (उत्तर प्रदेश) : माननीय सभापति जी, देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति के पहले अभिभाषण के ऊपर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा में आज मैं उनके समर्थन में बोलने के लिए यहाँ खड़ा हुआ हूँ। माननीय सभापति जी, आजादी के बाद देश में खंडित, विभाजनकारी विकास की अवधारणा को समाप्त करने वाली सरकारें यहाँ रहीं, लेकिन सौभाग्य से पहली बार हमारे देश के प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी ने 2014 से इस देश में समावेशी-सर्वस्पर्शी विकास की राजनीति की नींव रखी। सभापति जी, देश की आजादी से पहले और देश की आजादी के बाद कांग्रेस ने खास तौर पर हमारे जो एससी समाज के लोग हैं, अनुसूचित जाति समाज के लोग हैं, उनका समर्थन लेने का काम तो किया, लेकिन उनके राजनीतिक नेतृत्व को कभी उभरने नहीं दिया। इससे केवल आम दलित नेता नहीं, इस देश के सबसे बड़े, सर्वमान्य दलित नेता, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को भी कांग्रेस ने नहीं बख्शा। जब पहली बार इस देश की संविधान सभा में बाबा साहेब को जाने का मौका मिला, तो कांग्रेस ने उन्हें देश की उस संविधान सभा में नहीं आने दिया। जोगेंद्र नाथ मंडल जी के सहयोग से बाबा साहेब संविधान सभा में पहुँचे और दूसरी बार बाबा साहेब के लिए जयकर जी, जिन्होंने हिंदू महासभा की अपनी सीट खाली की, उनके सहयोग के बाद बाबा साहेब संविधान सभा में पहुँचे। इतना ही नहीं, देश की आजादी के बाद जब 1952 में पहला लोक सभा का चुनाव हुआ, तो उस समय बाबा साहेब को हराने के लिए कांग्रेस ने उनके सहयोगी, एन.एस. काजरोलकर को बाबा साहेब के खिलाफ लड़ाया और बाबा साहेब को हराने का काम किया। इसके बाद 1954 में भंडारा लोक सभा का जो उपचुनाव हुआ, उस समय उनके खिलाफ नेहरू जी चुनाव प्रचार करने गए और बाबा साहेब को हरवाने में सहयोग किया। यह कांग्रेस का असली चेहरा है। दलितों के प्रति यह उनकी सोच है। इससे भी आगे बढ़ कर मैं कहना चाहूँगा कि कांग्रेस ने इतना ही नहीं किया। एन.एस. काजरोलकर, जिन्होंने बाबा साहेब को हराने का काम किया, उन्हीं काजरोलकर को समाज की सेवा करने के लिए 'पद्म भूषण' से सम्मानित करने का काम भी कांग्रेस ने किया। दलितों के प्रति कांग्रेस की यह सोच है।

इसीलिए, इसी सोच के खिलाफ बाबा साहेब ने 27 अक्टूबर, 1951 को चुनाव अभियान के दौरान रामदासपुर, जालंधर, पंजाब में अपने भाषण में कहा था कि "मैं कांग्रेस सरकार के साथ 4 साल तक सहयोग करूँगा। मैं अपनी सारी शक्ति से ईमानदारी से मातृभूमि की सेवा में लगा हूँ, लेकिन इतने वर्षों के दौरान मैंने खुद को कांग्रेस के संगठन में विलय नहीं होने दिया। हम पहले ही चुनाव से कांग्रेस के खिलाफ लड़ते रहे, क्योंकि वह अनावश्यक रूप से हमारे अधिकारों में हस्तक्षेप कर रही है। कांग्रेस के नेता पंडित नेहरू को देख लीजिए.." यह बाबा साहेब ने कहा है कि "कांग्रेस के नेता पंडित नेहरू को ही देख लीजिए, जिन्होंने 20 वर्षों के दौरान 2,000 भाषण दिये.." नेहरू जी ने 20 वर्षों में लगभग 2,000 भाषण दिये। "लेकिन उन्होंने एक बार भी अनुसूचित जाति के कल्याण के बारे में बात नहीं की।" बाबा साहेब ने नेहरू जी के बारे में और कांग्रेस के बारे में यह कहा है।

इससे भी बढ़ कर, कांग्रेस के लोग जो आज आरक्षण की बात करते हैं, जो आरक्षण की दुहाई देते हैं, उसके बारे में नेहरू जी की क्या सोच थी। नेहरू जी की एक पुस्तक "Letters to the Chief Minister" है। उसमें आरक्षण पर क्रम संख्या 24, 25 और 26 में नेहरू जी ने कहा है कि "I dislike any kind of reservation, more particularly in services. I react strongly against

anything which leads to inefficiency and second rate standards." आरक्षण के बारे में कांग्रेस और नेहरू जी की यह सोच थी। आरक्षण से नौकरी प्राप्त करने वाले जो लोग हैं, उनके बारे में नेहरू जी और कांग्रेस की जो सोच थी, वे उन्हें दोयम दर्जे का नागरिक मानते थे। यह कांग्रेस की सोच थी। दूसरी तरफ लम्बे समय तक कांग्रेस को उन राज्यों में शासन करने का मौका मिला, जहाँ बाबा साहेब का जन्म हुआ, जहाँ बाबा साहेब ने दीक्षा ली, जहाँ बाबा साहेब ने शिक्षा प्राप्त की। बाबा साहेब के जो 'पंचतीर्थ' हैं, अगर आप उनकी 2014 से पहले की हालत देखें - तो 2014 से पहले बाबा साहेब के जो 'पंचतीर्थ' थे - कांग्रेस ने वोट तो लम्बे समय तक अनुसूचित जाति के लोगों का लिया, लेकिन बाबा साहेब के पंचतीर्थों की तरफ कभी ध्यान नहीं दिया, उनके विकास की तरफ कभी ध्यान नहीं दिया। मैं इस देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी को बधाई देना चाहता हूँ कि 2014 के बाद, सरकार बनाने के बाद बाबा साहेब के जो 'पंचतीर्थ' हैं, जो हमारे दलित समाज, अनुसूचित जनजाति समाज की आस्था के स्थल हैं, उन स्थलों का विकास आज़ादी के बाद अगर किसी ने किया, तो इस देश में नरेन्द्र मोदी सरकार ने करने का काम किया। कांग्रेस और नरेन्द्र मोदी जी की सरकार की सोच में यह फर्क है। नरेन्द्र मोदी जी की सोच और आपकी सोच में यही फर्क है। आप तो बैठे हैं। मुझे तो लगता है कि कॉंग्रेस के हमारे साथियों ने कभी जाकर उन पंचतीर्थों के दर्शन भी नहीं किए होंगे, क्योंकि ये लोग केवल दिखावा करते हैं। यह नरेन्द्र मोदी जी की सरकार है, जो बाबा साहेब के लिए समर्पित है, बाबा साहेब के विचारों के लिए समर्पित है। इसीलिए नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने बाबा साहेब के पंचतीर्थों का विकास करने का काम किया। कॉंग्रेस के एक नेता आजकल कभी अपनी जाति बताते हैं, कभी गोत्र बताते हैं और कभी अपना जेनऊ भी दिखाते हैं, लेकिन वह समय-समय पर अपना चेहरा और अपनी बातें बदलते रहते हैं। उन्होंने एक बार जेनऊ दिखाया, जाति बताई, गोत्र बताया, लेकिन आजकल उनको ओबीसी याद आ रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि ओबीसी के प्रति कॉंग्रेस की सोच क्या है? आज वे जिस जनगणना की बात कर रहे हैं, उस पर नेहरू जी के क्या विचार थे? नेहरू जी ने उसके बारे में क्या कहा था, आप कभी कम-से-कम उसको तो पढ़ लेते! आजादी के बाद नेहरू सरकार ने निर्णय लिया था कि ओबीसी की भारतीय सूची की कोई आवश्यकता नहीं है। यह निर्णय किसी और ने नहीं लिया था, बल्कि यह देश की तत्कालीन कॉंग्रेस की सरकार और नेहरू जी का निर्णय है। आज आपको ओबीसी याद आ रहा है! आज आप ओबीसी की बात कर रहे हैं! मैं ओबीसी की बात भी करना चाहता हूँ।

आजादी के बाद तीन आयोग बने। ये तीनों आयोग किसने बनाए? आपको उन तीनों आयोगों की रिपोर्ट्स लागू करने से किसने रोका था? इस पर आपके क्या विचार थे? आपने पहले आयोग की रिपोर्ट क्यों नहीं लागू की? आपने 'कालेकर कमिटी' की रिपोर्ट क्यों नहीं लागू की? जब 'मंडल आयोग' की रिपोर्ट लागू होनी थी, तो राजीव गाँधी जी ने उसका विरोध किया था। किसी और ने उसका विरोध नहीं किया था, बल्कि राजीव गाँधी जी ने उसका विरोध किया था और आप आज ओबीसी की बात करते हैं! ओबीसी आरक्षण से संबंधित तीनों रिपोर्ट्स, जो आपके शासन काल में आई थीं, उनको लागू करने से आपको किसने रोका था? हाँ, आपको एक परेशानी है और वह यह है कि इस देश के बैकवर्ड समाज का सौभाग्य है कि देश की आजादी के बाद नरेन्द्र मोदी जी के रूप में इस देश को पहला बैकवर्ड प्रधान मंत्री मिला, यह आपको बरदाश्त नहीं है। आप इसे डायजेस्ट नहीं कर पा रहे हैं। यह आपकी परेशानी है और हम इस परेशानी को समझ

सकते हैं, लेकिन इस देश के जो पिछड़े वर्ग के लोग, अनुसूचित जाति के लोग, अगड़े समाज के सबसे नीचे पायदान पर रहने वाले लोग हैं, वे समझ चुके हैं कि उनके लिए अगर किसी ने काम किया है, तो इस देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी और नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया है।

माननीय सभापति जी, अगर मैं ओबीसी की बात करूँ, राजनीतिक नेतृत्व की बात करूँ, तो प्रधान मंत्री जी के रूप में नरेन्द्र मोदी जी हमें मिले। अगर मैं राजनीतिक भागीदारी की बात करूँ, तो आप देख लीजिए कि लोक सभा में किस पार्टी के सबसे ज्यादा ओबीसी के सदस्य हैं। अगर आज देश में सबसे ज्यादा ओबीसी समुदाय के विधायक हैं, तो वह बीजेपी के हैं। अगर विधान परिषद में सबसे ज्यादा ओबीसी के सदस्य हैं, तो वह बीजेपी के हैं। आजादी के बाद इस देश में अगर सबसे ज्यादा ओबीसी के मंत्री बने, तो वह नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में बने हैं। राजनीतिक हिस्सेदारी, जिसके लिए बाबा साहेब ने संघर्ष किया, जिस बाबा साहेब को आपने हरवाने का काम किया, आपने उनको राजनीतिक हिस्सेदारी नहीं दी और उनके राजनीतिक नेतृत्व को नहीं उभरने दिया। ओबीसी के लोगों को वह राजनीतिक हिस्सेदारी देने का काम नरेन्द्र मोदी जी और उनकी की सरकार ने किया है। आपने क्या किया? ओबीसी और एससी को नौकरी मिल जाए और उन्हें आरक्षण मिल जाए, आप यह बात करते रहे, जिसमें आपकी भी नीयत नहीं थी और नेहरू जी की भी नीयत नहीं थी। मैं इस देश के प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी को बधाई देना चाहूँगा कि उन्होंने समाज के उस वर्ग को, जो ओबीसी का सबसे पिछड़ा वर्ग है, जिसे हम विश्वकर्मा समाज कहते हैं, जो नाई, धोबी, लोहार, बढ़ई और कुम्हार हैं, जो अपने हाथ से काम करते थे, जिनके पास स्किल होता था, इस नौकरी के चक्कर में धीरे-धीरे उनका वह स्किल खत्म हो गया। इस देश के प्रधान मंत्री ने समाज के उस वर्ग की चिंता करने का काम किया और उनके लिए 'विश्वकर्मा' जैसी महत्वपूर्ण योजना लेकर आए, जिसमें उनको स्किल तो प्रदान किया ही जाएगा, उसके साथ-साथ अपना व्यापार करने के लिए भी उनको संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे, उनको धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। यह इस देश के प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी की सोच है।

माननीय सभापति जी, अब मैं आयुष्मान जैसी एक बड़ी योजना के संबंध में अपने कुछ अनुभव शेयर करना चाहता हूँ। महोदय, आप भी किसान पुत्र हैं। आपने भी गाँवों में देखा होगा और बहुत से लोग जो रूरल बैकग्राउंड से आते हैं, उनको भी यह अनुभव अकसर हुआ होगा कि गाँव में जब किसी गरीब परिवार का व्यक्ति बीमार हो जाता था और उसके पास इलाज के लिए पैसे नहीं होते थे तो वह एक काम करता था। वह सबसे पहले इस बात का प्रयास करता था कि उसको कहीं से पैसे उधार मिल जाएँ। अगर गांव में उसको कोई उधार नहीं देता था, तो फिर उसके बाद वह कर्ज लेता था। जब बीमारी गंभीर हो जाती थी, वह लाइलाज हो जाती थी और मरीज का बचना संभव नहीं हो पाता था तो वह धन के अभाव में अपने मरीज को घर लेकर आ जाता था और फिर वह उसके अंतिम समय का इंतजार करता था। यह स्थिति पहले हमारे गांवों में आम आदमी, गरीब आदमी की थी। इस देश के गरीब की यह पीड़ा थी। इस देश के गरीब की इस पीड़ा को समझने का काम 'आयुष्मान योजना' के माध्यम से देश के प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी ने किया। 'आयुष्मान योजना' आने के बाद इस देश में किसी भी गरीब परिवार के व्यक्ति को अब इलाज के लिए पैसे की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि इस योजना के माध्यम से देश के प्रधान मंत्री जी ने 5 लाख रुपये तक का इलाज फ्री देने का काम किया है।

सभापति जी, हमारी जो विकसित भारत यात्रा थी, उसमें मुझे जाने का मौका मिला और मुझे कुछ लाभार्थियों से मिलने का भी मौका मिला। मैं अपने एक-दो अनुभव बताकर अपनी बात समाप्त करना चाहता हूँ। मैं वहाँ पर एक महिला लाभार्थी से मिला। मैंने उस महिला लाभार्थी से पूछा कि क्या हुआ था और तुम्हें क्या लाभ मिला? उसने बताया कि सांसद जी, मेरे घर में पांच लोगों को डेंगू हुआ था। मैंने पूछा, उसके बाद क्या हुआ? वह महिला बोली कि हम इलाज कराने गए और हमें एक पैसा भी नहीं देना पड़ा, पाँचों लोगों का इलाज फ्री हुआ। मैंने पूछा कि इससे पहले क्या होता था, तो उसने बताया कि सांसद जी, अगर हमारे पास 'आयुष्मान कार्ड' नहीं होता तो हम इतना अच्छा इलाज नहीं करा पाते। फिर, उसने मंच से खड़े होकर इस देश के प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करने का काम किया।

महोदय, अब मैं बहुत ज्यादा समय न लेते हुए, अंत में एक बात कहकर अपनी बात समाप्त करूँगा।

"दूर लोगों को पास करते हैं,
काम हर एक खास करते हैं,
मोदी नाम है उस इंसान का,
साथ सबका विकास करते हैं।"

धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Now, hon. Prime Minister to reply to the discussion.

प्रधान मंत्री (श्री नरेन्द्र मोदी): आदरणीय सभापति जी, मैं यहाँ आदरणीया राष्ट्रपति जी के अभिभाषण की चर्चा में भागीदार बनने के लिए उपस्थित हुआ हूँ और आदरणीया राष्ट्रपति जी को उनके भाषण के लिए मैं मेरी तरफ से आदरपूर्वक धन्यवाद देता हूँ और उनका अभिनंदन भी करता हूँ। आदरणीय सभापति महोदय, यह 75वां गणतंत्र दिवस अपने आपमें एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है और उस समय संविधान की यात्रा के इस महत्वपूर्ण पड़ाव में राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का एक ऐतिहासिक महत्व भी रहता है। उन्होंने अपने भाषण में भारत के आत्मविश्वास की बात कही है, भारत के उज्ज्वल भविष्य के प्रति विश्वास प्रकट किया है और भारत के कोटि-कोटि जनों का जो सामर्थ्य है, उस सामर्थ्य को बहुत ही कम शब्दों में, लेकिन बहुत ही शानदार तरीके से देश के सामने सदन के माध्यम से प्रस्तुत किया है। मैं राष्ट्रपति जी के इस प्रेरक उद्बोधन के लिए और राष्ट्र को दिशा-निर्देश के लिए, और एक प्रकार से विकसित भारत के संकल्प को सामर्थ्य देने के लिए हृदय से बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। इस चर्चा के दरमियान अनेक माननीय सदस्यों ने अपने विचार रखे और अपने-अपने तरीके से चर्चा को समृद्ध करने का प्रयास भी किया है। इस चर्चा को समृद्ध करने का प्रयास करने वाले सभी आदरणीय साथियों का भी मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, अभिनंदन करता हूं।

महोदय, कुछ साथियों के लिए आलोचना करना और कड़वी बातें करना उनकी मजबूरी थी, उनके प्रति भी मैं संवेदनाएं प्रकट करता हूं। मैं उस दिन कह नहीं पाया, लेकिन मैं खरगे जी का विशेष आभार प्रकट करता हूं। मैं उस दिन खरगे जी को बहुत ध्यान से सुन रहा था। उस समय ऐसा आनन्द आया, ऐसा आनन्द आया - ऐसा बहुत कम मिलता है। लोक सभा में तो कभी-कभी

मिल जाता है, लेकिन आजकल वे दूसरी ड्यूटी पर हैं, तो मनोरंजन कम मिलता है, लेकिन लोक सभा में जिस मनोरंजन की कमी हमें खल रही है, उस दिन वह कमी आपने पूरी कर दी। मुझे प्रसन्नता इस बात की थी कि माननीय खरगे जी काफी लम्बा, इंतिहाई मज़े से और शांति से बोल रहे थे, उन्होंने समय भी काफी लिया था, तो मैं सोच रहा था कि आज़ादी मिली कैसे, इतना सारा बोलने की आज़ादी मिली कैसे! महोदय, मैं सोच तो रहा था, लेकिन बाद में मुझे ध्यान आया कि दो स्पेशल कमाण्डर जो रहते हैं, वे उस दिन नहीं थे और आजकल वे नहीं रहते। इसलिए आदरणीय खरगे जी ने स्वतंत्रता का बहुत भरपूर फायदा उठाया। ...(**व्यवधान**)... मुझे लगता है कि उस दिन खरगे जी ने सिनेमा का एक गाना सुना होगा, ऐसा मौका फिर कहां मिलेगा! खरगे जी अंपायर नहीं हैं, कमांडो नहीं हैं, तो उनको चौके-छक्के मारने में भी मजा आ रहा था। एक खुशी की बात है कि इन्होंने 400 सीट्स के लिए आशीर्वाद दिया था, इनका वह आशीर्वाद मेरे सिर आंखों पर। अगर आप अपना आशीर्वाद वापस लेना चाहते हैं, तो ले सकते हैं, क्योंकि एक कमांडो तो आ गए हैं। ...(**व्यवधान**)...आदरणीय सभापति जी, मुझे पिछले वर्ष का प्रसंग बराबर याद है, जब हम उस सदन में बैठते थे और देश के प्रधान मंत्री जी की आवाज का गला घोंटने का भरपूर प्रयास किया जाता था। हम बड़े धैर्य के साथ, बड़ी नम्रता के साथ आपके एक-एक शब्द को सुनते रहे और आज आप न सुनने की तैयारी के साथ आए हैं, ...(**व्यवधान**)... आप न सुनने की तैयारी के साथ आए हैं, लेकिन मेरी आवाज़ को आप दबा नहीं सकते हैं।

MR. CHAIRMAN: Take your seat. *...(Interruptions)...* No, no, *...(Interruptions)...* please, please take your seat. I will give opportunity to you. *...(Interruptions)...*

श्री नरेन्द्र मोदी: देश की जनता ने इस आवाज़ को ताकत दी हुई है, देश की जनता के आशीर्वाद से यह आवाज़ निकल रही है और इसलिए मैं भी इस बार पूरी तैयारी के साथ आया हूं। मैंने उस वक्त सोचा था कि शायद आप जैसे व्यक्ति सदन में आए हैं, तो मर्यादाओं का पालन करेंगे, लेकिन डेढ़-पौने दो घंटे तक आप लोगों ने मुझ पर जुल्म किया,...(**व्यवधान**)... उसके बाद भी मैंने शब्दों की मर्यादा नहीं तोड़ी।

सभापति जी, मैंने भी एक प्रार्थना की है। प्रार्थना तो कर सकते हैं और मैं करता रहता हूं। पश्चिम बंगाल से आपको जो चैलेंज आया है।...(**व्यवधान**)...

विपक्ष के नेता (श्री मल्लिकार्जुन खरगे): सर, मैं अपोजिशन लीडर हूं।...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Please, *...(Interruptions)...* No; nothing will go on record. *...(Interruptions)...*

श्री नरेन्द्र मोदी : पश्चिम बंगाल से जो चैलेंज आया है कि कांग्रेस 40 पार नहीं कर पाएगी, 40 पार नहीं कर पाएगी। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप 40 बचा पाएं। हमें बहुत सुनाया गया है और हमने सुना भी है। लोकतंत्र में आपका कहने का अधिकार है और हमारी सुनने की जिम्मेवारी है। आज

जो भी बातें हुई हैं, उनको मुझे देश के सामने रखना चाहिए और इसलिए मैं प्रयास करूंगा...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record.

श्री नरेन्द्र मोदी: महोदय, मैंने उस सदन में भी सुना और इस सदन में भी सुना, तो मेरा विश्वास और पक्का हो गया है कि यह पार्टी सोच से भी outdated हो गई है। जब सोच outdated हो गई है, तो उन्होंने अपना काम-काज भी outsource कर दिया है। देखते ही देखते इतना बड़ा दल, इतने दशकों तक देश पर राज करने वाले दल का ऐसा पतन, ऐसी गिरावट हुई है, जिसको देखकर हमें खुशी नहीं हो रही है। हमारी आपके प्रति संवेदनाएं हैं। ...(**व्यवधान**)... डाक्टर क्या करेगा जब पेशेंट खुद ही -- अब आगे मैं क्या बोलूं ! आदरणीय सभापति जी, यह बात सही है कि आज बहुत बड़ी-बड़ी बातें होती हैं। सुनने की ताकत भी खो चुके हैं, लेकिन मैं तो देश के सामने बात रखने के लिए जरूर कहूंगा। जिस कांग्रेस ने सत्ता के लालच में सरेआम लोकतंत्र का गला घोंट दिया था, जिस कांग्रेस ने दर्जनों बार लोकतांत्रिक तरीके से चुनकर के आई सरकारों को रातों-रात भंग कर दिया था, बर्खास्त कर दिया था, ...(**व्यवधान**)... जिस कांग्रेस ने देश के संविधान, लोकतंत्र की मर्यादाओं को जेल की सलाखों के पीछे बंद कर दिया था, जिस कांग्रेस ने अखबारों पर ताले लगाने तक की कोशिश की थी, जिस कांग्रेस को देश को तोड़ने का नैरेटिव सेट करने का नया शौक पैदा हुआ - इतना तोड़ा, यह कम नहीं है, अब उत्तर-दक्षिण को तोड़ने के लिए बयान दिए जा रहे हैं! ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record.

श्री नरेन्द्र मोदी: यह कांग्रेस हमें लोकतंत्र और फेडरलिज़्म पर प्रवचन दे रही है! ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record. Only the address will go on record. ...*(Interruptions)*...

श्री नरेन्द्र मोदी: जिस कांग्रेस ने भाषा के नाम पर देश को बांटने में कोई कसर नहीं छोड़ी, जिस कांग्रेस ने आतंकवाद और अलगाववाद को अपने हित में पनपने दिया, जिस कांग्रेस ने नॉर्थ-ईस्ट को हिंसा, अलगाव और पिछड़ेपन में धकेल दिया, जिस कांग्रेस ने ...(**व्यवधान**)... जिस कांग्रेस ने नक्सलवाद को देश के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती बनाकर छोड़ दिया, जिस कांग्रेस ने देश की बहुत बड़ी ज़मीन दुश्मनों के हवाले कर दी, जिस कांग्रेस ने देश की सेनाओं का आधुनिकीकरण होने से रोक दिया, वह आज हमें राष्ट्रीय सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा के लिए भाषण दे रही है! जो कांग्रेस आजादी के बाद से ही कंन्फ्यूज़ रही - उनको उद्योग जरूरी है या खेती जरूरी है, उसी कंन्फ्यूज़न में गुजारा किया, जो कांग्रेस यह तय नहीं कर पाई कि नेशनलाइज़ेशन करना है या प्राईवेटाइज़ेशन करना है, वह इसमें उलझती रही, जो कांग्रेस 10 वर्ष में 12वें नम्बर से 11वें नम्बर पर आर्थिक व्यवस्था को लेकर आ पाई, ...(**व्यवधान**)... 10 साल में 12वें से 11वें नम्बर पर ले आई -

12वें से 11वें नम्बर पर आने में बहुत मेहनत नहीं करनी पड़ती है, जैसे-जैसे आगे बढ़ते हैं तो मेहनत और बढ़ती है - हम 10 साल में उसे 5वें नम्बर पर ले आए। वह कांग्रेस हमें यहां आर्थिक नीतियों पर लम्बे-लम्बे भाषण सुना रही है!

आदरणीय सभापति जी, जिस कांग्रेस ने ओबीसी को पूरी तरह से आरक्षण नहीं दिया, जिसने सामान्य वर्ग के गरीबों को कभी आरक्षण नहीं दिया, जिसने बाबा साहेब को भारत रत्न देने योग्य नहीं माना और जो अपने ही परिवार को भारत रत्न देते रहे.. ...(**व्यवधान**)... जिस कांग्रेस ने देश की गली, सड़क, चौक-चौराहे पर अपने ही परिवार के नाम के पाट जड़ दिए हैं, वे हमें उपदेश दे रहे हैं! ...(**व्यवधान**)... वे हमें सामाजिक न्याय का पाठ पढ़ा रहे हैं। आदरणीय सभापति जी, ...(**व्यवधान**)..

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record. Only the address will go on record. ...*(Interruptions)*...

श्री नरेन्द्र मोदी: जिस कांग्रेस के अपने नेता की कोई गारंटी नहीं है, अपनी नीति की कोई गारंटी नहीं है, वे मोदी की गारंटी पर सवाल उठा रहे हैं।...(**व्यवधान**)..आदरणीय सभापति जी, यहाँ एक शिकायत थी और उन्हें ऐसा लगता है कि हम ऐसा क्यों कहते हैं, हम ऐसा क्यों देख रहे हैं? देश और दुनिया उनके दस साल के कार्यकाल को ऐसे क्यों देखती थी, देश क्यों नाराज हो गया, देश को इतना गुस्सा क्यों आया? आदरणीय सभापति जी, हमारे कहने से यह सब नहीं हुआ है, ये खुद के कर्मों के फल हैं और अब तो ये सामने ही रहते हैं, किसी दूसरे जन्म में नहीं होते हैं, सब इसी जन्म में होता है। आदरणीय सभापति जी, हम किसी को बुरा नहीं कहते हैं, हमें बुरा क्यों कहना चाहिए? जब उन्हीं को लोगों ने बहुत कुछ कहा हो, तो मुझे कहने की क्या जरूरत है? मैं सदन के सामने एक वक्तव्य रखना चाहता हूं। महोदय, मैं पहला क्वोट पढ़ रहा हूं। यह कोटेशन है, "सदस्यगण जानते हैं कि हमारी ग्रोथ धीमी हो गई है और फिस्कल डेफिसिट बढ़ गया है। महंगाई दर बीते दो वर्षों से लगातार बढ़ रही है, करंट एकाउंट डेफिसिट हमारी उम्मीदों से कहीं अधिक हो चुका है।" सभापति महोदय, यह क्वोट मैंने पढ़ा है। यह किसी भाजपा के नेता का क्वोट नहीं है और न ही यह क्वोट मेरा है। आदरणीय सभापति जी, यह यूपीए सरकार के दस साल पर तत्कालीन प्रधान मंत्री, आदरणीय पीएम के रूप में रहे श्रीमान् मनमोहन सिंह जी ने कहा था और खुद के कार्यकाल में कहा था। तब यह हालत थी, उन्होंने ऐसा वर्णन किया था। ...(**व्यवधान**)..

आदरणीय सभापति जी, अब मैं दूसरा क्वोट पढ़ता हूं। यह इस प्रकार है, "देश में व्यापक गुस्सा है, पब्लिक ऑफिस के मिस्यूज़ को लेकर भारी गुस्सा है।" उस समय इंस्टीट्यूशन्स का मिस्यूज़ कैसे होता था - यह भी मैं नहीं कह रहा हूं, यह उस समय के प्रधान मंत्री पद पर डा. मनमोहन सिंह जी कह रहे थे। उस समय भ्रष्टाचार को लेकर पूरा देश सड़कों पर था, गली-गली में आंदोलन चल रहे थे।

आदरणीय सभापति जी, अब मैं तीसरा क्वोट पढ़ूँगा। एक संशोधन की कुछ पंक्तियाँ हैं, इसको भी आप सुनिए। "टैक्स कलेक्शन में भ्रष्टाचार होता है, इसके लिए जीएसटी लाना चाहिए, राशन की योजना में लीकेज होती है, जिससे देश का गरीब से गरीब सबसे अधिक पीड़ित है। इसको रोकने के लिए उपाय खोजने होंगे। सरकारी ठेके जैसे दिए जा रहे हैं, उस पर शक होता

है।" यह भी तत्कालीन प्रधान मंत्री आदरणीय मनमोहन सिंह जी ने कहा था। उनके पहले एक और प्रधान मंत्री ने यह कहा था कि दिल्ली से एक रुपया जाता है, 15 पैसा पहुंचता है। बीमारी का पता था, सुधार करने की तैयारी नहीं थी। ...(**व्यवधान**)... आज बातें तो बड़ी-बड़ी की जा रही हैं। काँग्रेस का दस साल का इतिहास देखिए - फ्रेजाइल फाइव इकोनॉमी रही। यह दुनिया में कहा जाता था। यह मैं नहीं कह रहा हूँ, यह फ्रेजाइल फाइव दुनिया कहती थी। पॉलिसी पैरालिसिस, यह तो उनकी पहचान बन गई थी, जबकि हमारे दस वर्ष टॉप फाइव इकोनॉमी वाले हैं। हमारे बड़े और निर्णायक फैसलों के लिए ये दस साल याद किए जाएंगे। ...(**व्यवधान**)... आदरणीय सभापति जी, हम उस कठिन दौर से बहुत मेहनत करके, सोच-समझकर देश को संकटों से बाहर लाए हैं। यह देश ऐसे ही आशीर्वाद नहीं दे रहा है। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: This is unbecoming conduct. Please, continue. *...(interruptions)...* No, please.

श्री नरेन्द्र मोदी: आदरणीय सभापति जी, यहाँ सदन में अंग्रेज़ों को याद किया गया। ...(**व्यवधान**)... इस सदन में अंग्रेज़ों को याद किया गया। अब उस समय राजा-महाराजाओं का तो अंग्रेज़ों के साथ गहरा नाता रहा था। मैं जरा पूछना चाहता हूँ कि अंग्रेज़ों से कौन इंस्पायर्ड था? मैं यह तो नहीं पूछूंगा कि काँग्रेस पार्टी को जन्म किसने दिया था। यह तो मैं नहीं पूछूंगा। आजादी के बाद भी देश में गुलामी की मानसिकता को किसने बढ़ावा दिया? ...(**व्यवधान**)... अगर आप अंग्रेज़ों से प्रभावित नहीं थे, तो अंग्रेज़ों की बनाई दंड संहिता (पीनल कोड) को आपने क्यों नहीं बदला? आदरणीय सभापति जी, अगर ये अंग्रेज़ों से प्रभावित नहीं थे, तो अंग्रेज़ों के जमाने के सैकड़ों कानून क्यों चलते रहे? अगर आप अंग्रेज़ों से प्रभावित नहीं थे, तो यह लालबत्ती कल्चर इतने दशकों बाद भी क्यों चलता रहा? अगर आप अंग्रेज़ों से प्रभावित नहीं थे, तो भारत का बजट शाम को पाँच बजे क्यों आता था? क्योंकि, सुबह ब्रिटिश पार्लियामेंट के शुरू होने का समय होता था। आपने ब्रिटेन की पार्लियामेंट के समय के अनुकूल ये शाम पाँच बजे बजट की परंपरा क्यों चलाए रखी थी? कौन अंग्रेज़ों से इंस्पायर्ड था? ...(**व्यवधान**)... अगर आप अंग्रेज़ों से प्रेरित नहीं थे, तो हमारी सेनाओं के चिह्नों पर आज भी गुलामी के प्रतीक अब तक क्यों बने हुए थे? ...(**व्यवधान**)... हम उन्हें एक के बाद एक हटा रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... अगर आप अंग्रेज़ों से प्रेरित नहीं थे, तो राज पथ को कर्तव्य पथ बनने के लिए मोदी का इंतजार क्यों करना पड़ा? ...(**व्यवधान**)... अगर आप अंग्रेज़ों से प्रभावित नहीं थे, तो अंडमान और निकोबार द्वीप समूहों पर आज भी अंग्रेज़ी सत्ता के निशान क्यों लटके पड़े थे? अगर आप अंग्रेज़ों से प्रभावित नहीं थे, तो इस देश की सेना के जवान देश के लिए मर-मिटते रहे, लेकिन आप देश के जवानों के सम्मान में एक वॉर मेमोरियल तक नहीं बना पाए थे। आपने इसे क्यों नहीं बनाया? अगर आप अंग्रेज़ों से प्रभावित नहीं थे, तो भारतीय भाषाओं को हीन भावना से क्यों देखा गया? स्थानीय भाषा में पढ़ाई के प्रति आप लोगों की बेरुखी क्यों थी? अगर आप अंग्रेज़ों से प्रेरित नहीं थे, तो भारत को मदर ऑफ डेमोक्रेसी बताने से आपको कौन रोकता था? आदरणीय सभापति जी, मैं सैकड़ों उदाहरण दे सकता हूँ कि आप किस प्रभाव में काम करते थे और देश को ये सारी बातें याद आने वाली हैं। आदरणीय सभापति जी, मैं एक और उदाहरण देना चाहता हूं। कांग्रेस ने नैरेटिव फैलाया और नैरेटिव का परिणाम क्या हुआ कि भारत

की संस्कृति और संस्कारों को मानने वाले लोगों को बड़े हीन भाव से देखा जाने लगा, दकियानूसी माना जाने लगा। इस प्रकार से हमारे अतीत के प्रति अन्याय करने की नौबत आई। अपनी मान्यताओं को गाली देते हैं, अपनी अच्छी परंपराओं को गाली देते हैं, तो क्या आप प्रोग्रेसिव हैं! देश में इस प्रकार के नैरेटिव गढ़े जाने लगे और उसका नेतृत्व कहां होता था, यह दुनिया भली-भांति जानती है। दूसरे देश से आयात करना, उस पर गर्व करना और अगर भारत की कोई चीज़ है, तो वह दूसरे दर्जे की है, यह स्टेटस बना दिया गया था। यह स्टेटस सिम्बल बना दिया था कि यह बाहर से आया है, 'मेड इन फॉरेन' का स्टेटस बना दिया था। ये लोग आज भी 'वोकल फॉर लोकल' बोलने से बच रहे हैं। आज मेरे देश के गरीबों के कल्याण का काम हो रहा है। आज आत्मनिर्भर भारत की बात उनके मुंह से नहीं निकलती है। आज 'मेक इन इंडिया' कोई बोलता है, तो उनके पेट में चूहे दौड़ने लग जाते हैं। आदरणीय सभापति जी, देश यह सब देख चुका है और अब समझ भी चुका है। उसी का परिणाम आप भुगत भी रहे हैं।

आदरणीय सभापति जी, राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में विस्तार से चार सबसे बड़ी जातियों के विषय में हम सबको संबोधित किया था - युवा, नारी, गरीब और हमारे अन्नदाता। हम जानते हैं कि इनकी समस्याएं ज्यादातर एक समान हैं, इनके सपने भी एक समान हैं और अगर उनके समाधान करने हैं, तो थोड़ा उन्नीस-बीस का फर्क पड़ेगा, लेकिन चारों वर्गों के समाधान के रास्ते भी एक ही हैं। इसलिए उन्होंने बहुत ही उपयुक्त रूप से राष्ट्र का मार्गदर्शन किया है कि इन चार स्तम्भों को मजबूत करिए, तो देश विकसित भारत की तरफ तेज गति से आगे बढ़ेगा।

आदरणीय सभापति जी, अगर हम 21वीं सदी में हैं, हम विकसित भारत के सपनों को इसी सदी में 2047 तक सिद्ध करना चाहते हैं, तो 20वीं सदी की सोच नहीं चल सकती है। 20वीं सदी का स्वार्थी एजेंडा, मैं और मेरा वाला जो खेल है, वह 21वीं सदी में देश को समृद्ध, विकसित भारत नहीं बना सकता है। इन दिनों एक बार फिर से जाति की काफी बातें हो रही हैं। ऐसा करने की उनको क्यों जरूरत पड़ गई, यह मैं तो नहीं जानता हूं, लेकिन अगर उनको जरूरत पड़ी है, तो पहले जरा वे अपने गिरेबान में झांकें, तब उनको पता चलेगा कि क्या किया है। दलित, पिछड़े और आदिवासी, कांग्रेस इनकी जन्मजात सबसे बड़ी विरोधी रही है। मैं तो कभी-कभी सोचता हूं कि अगर बाबा साहेब न होते, तो शायद एससी, एसटी को आरक्षण मिलता या नहीं मिलता, यह भी मेरे मन में सवाल उठता है। ...(**व्यवधान**)... मैं यह कह रहा हूं, इसके पीछे मेरे पास प्रमाण हैं। इनकी सोच आज से नहीं, उस समय से ऐसी है। इसके मेरे पास प्रमाण हैं और मैं प्रमाण के सिवाय यहां कहने के लिए नहीं आया हूं। जब बातें वहां से उठी हैं, तो फिर उनको तैयारी रखनी चाहिए। मेरा परिचय तो हो चुका है, दस साल हो गए हैं। मैं आदरपूर्वक नेहरू जी को इन दिनों ज्यादा याद करता हूँ, क्योंकि हमारे साथियों की अपेक्षा रहती है कि ज़रा उनके ऊपर कुछ बोलिए, तो बोलना चाहिए। अब देखिए, एक बार नेहरू जी ने एक चिट्ठी लिखी थी और यह चिट्ठी मुख्य मंत्रियों को लिखी थी। मैं उसका अनुवाद पढ़ रहा हूँ। उन्होंने लिखा था। यह देश के प्रधान मंत्री, पंडित नेहरू जी द्वारा उस समय के देश के मुख्य मंत्रियों को लिखी गई चिट्ठी है। यह ऑन रिकॉर्ड है। मैं अनुवाद पढ़ता हूँ। "मैं किसी भी आरक्षण को पसंद नहीं करता और खास कर नौकरी में आरक्षण तो कतई नहीं। मैं ऐसे किसी भी कदम के खिलाफ हूँ, जो अकुशलता को बढ़ावा दे, जो दोयम दर्जे की तरफ ले जाए।" यह पंडित नेहरू की मुख्य मंत्रियों को लिखी हुई चिट्ठी है। तब जाकर मैं कहता हूँ कि ये इसके जन्मजात विरोधी हैं। नेहरू जी कहते थे, ...(**व्यवधान**)... नेहरू जी कहते

थे, अगर एससी, एसटी, ओबीसी को नौकरियों में आरक्षण मिला, तो सरकारी काम का स्तर गिर जाएगा। आज जो ये आँकड़े गिनाते हैं कि इतने यहाँ हैं, इतने यहाँ हैं, उसका मूल यहाँ है, क्योंकि उस समय उन्होंने रोक दिया था, रिक्रूटमेंट ही मत करो। ...(**व्यवधान**)... अगर उस समय सरकार में भर्ती हुई होती ...(**व्यवधान**)... और वे प्रमोशन करते-करते आगे बढ़ते, तो आज यहाँ पर पहुँचते। ...(**व्यवधान**)... सभापति जी, मैं यह क्वोट पढ़ रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)... आप वेरिफाई कर सकते हैं, मैं पंडित नेहरू का क्वोट पढ़ रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Please sit down. *...(Interruptions)...* Why do you interrupt? ...(Interruptions)... The Leader of the Opposition was heard in rapt attention. *...(Interruptions)...* Are you setting this example? *...(Interruptions)...* The Leader of the Opposition was heard in rapt attention. *...(Interruptions)...* Please sit down. *...(Interruptions)...*

श्री नरेन्द्र मोदी: आदरणीय सभापति जी, आप तो जानते हैं कि नेहरू जी ने जो कहा, वह कांग्रेस के लिए हमेशा से पत्थर की लकीर होता है। नेहरू जी ने कहा, मतलब यह उनके लिए पत्थर की लकीर है। दिखावे के लिए आप कुछ भी कहें, लेकिन आपकी सोच ऐसे कई उदाहरणों से सिद्ध होती है। मैं अनगिनत उदाहरण दे सकता हूँ, लेकिन मैं एक उदाहरण जरूर देना चाहता हूँ और वह उदाहरण मैं जम्मू-कश्मीर का देना चाहता हूँ। कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के एससी-एसटी-ओबीसी को 7 दशकों तक उनके अधिकारों से वंचित रखा। आर्टिकल 370 - हम कितनी सीटें जीतेंगे, उसकी बात मैं अभी नहीं कर रहा हूँ, हमने आर्टिकल 370 को निरस्त किया, तब जाकर इतने दशकों के बाद एससी-एसटी-ओबीसी को वे अधिकार मिले, जो देश के लोगों को वर्षों से मिले हुए थे, जिनको रोक कर रखा था। जम्मू-कश्मीर में फॉरेस्ट राइट्स एक्ट उनको प्राप्त नहीं थे। जम्मू-कश्मीर में प्रिवेंशन ऑफ एट्रोसिटी एक्ट नहीं था, हमने 370 हटा कर ये अधिकार उनको दिए। हमारे एससी समुदाय में भी सबसे पीछे, पीड़ित कोई रहा, तो हमारा वाल्मीकि समाज रहा। लेकिन हमारे वाल्मीकि परिवारों को भी 7-7 दशकों के बाद भी - वे जम्मू-कश्मीर में रहे, लोगों की सेवा करते रहे - लेकिन डोमिसाइल का अधिकार नहीं दिया गया। मैं आज देश को भी अवगत कराना चाहता हूँ कि स्थानीय निकायों में, लोकल सेल्फ गवर्नमेंट्स में ओबीसी के आरक्षण का विधेयक भी कल, 6 फरवरी को लोक सभा में पारित हो गया है।

आदरणीय सभापति जी, एससी, एसटी और ओबीसी को बड़ी भागीदारी में कांग्रेस और उसके साथियों को हमेशा परेशानी रही है। बाबा साहेब की राजनीति को, बाबा साहेब के विचारों को खत्म करने के लिए कोई कसर उन्होंने नहीं छोड़ी है। वक्तव्य अवेलेबल है, चुनावों में क्या-क्या बोला गया है, वह भी अवेलेबल है। उनको 'भारत रत्न' देने की भी तैयारी नहीं थी। वह भी भाजपा के समर्थन से और सरकार बनी, तब बाबा साहेब को 'भारत रत्न' मिला। ...(**व्यवधान**)... इतना ही नहीं, सीताराम केसरी अति पिछड़ी जाति से थे। वे कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष थे। उनको उठाकर फुटपाथ पर फेंक दिया गया। ...(**व्यवधान**)... ओबीसी से थे। ...(**व्यवधान**)... वह वीडियो अवेलेबल है। ...(**व्यवधान**)... वह देश ने देखा कि सीताराम केसरी के साथ क्या हुआ।

आदरणीय सभापति जी, इनके एक मार्गदर्शक अमेरिका में बैठे हैं। ...(**व्यवधान**)... सभापति जी, इनके एक मार्गदर्शक अमेरिका में बैठे हैं। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Only the address will go on record, please. ...*(Interruptions)*... Only address... *(Interruptions)*... No.

श्री नरेन्द्र मोदी: जो पिछले चुनाव में 'हुआ तो हुआ' - 'हुआ तो हुआ' के लिए फेमस हो गए थे। कांग्रेस इस परिवार की काफी करीबी है। उन्होंने अभी-अभी संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर के योगदान को छोटा करने का भरपूर प्रयास किया। ...(**व्यवधान**)...

आदरणीय सभापति जी, देश में पहली बार एनडीए ने एक आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनाने के लिए प्रस्ताव दिया। ...(**व्यवधान**)... उनको उम्मीदवार बनाया। ...(**व्यवधान**)... आपका हमसे वैचारिक विरोध हो, वह एक बात है। ...(**व्यवधान**)... अगर हमसे वैचारिक विरोध होता, आपने सामने कैंडिडेट खड़ा किया होता, तो मैं समझ सकता था। ...(**व्यवधान**)... लेकिन वैचारिक विरोध नहीं था, क्यों - क्योंकि हमारे यहाँ से गये हुए व्यक्ति को आपने उम्मीदवार बनाया। इसलिए यह वैचारिक विरोध नहीं था, आपका विरोध एक आदिवासी बेटी के लिए था। ...(**व्यवधान**)... इसलिए जब संगमा जी चुनाव लड़ रहे थे, वे भी नॉर्थ-ईस्ट के एक आदिवासी थे, उनके साथ भी यही किया गया था। ...(**व्यवधान**)... सभापति जी, राष्ट्रपति जी का अपमान करने की घटनाएँ कम नहीं हैं। इस देश में ऐसा पहली बार हुआ है। उनके जिम्मेदार लोगों के मुँह से ऐसी-ऐसी बातें निकली हैं कि शर्म से माथा झुक जाए। राष्ट्रपति जी के लिए ऐसी भाषा बोली गयी है। मन में जो कसक पड़ी है, वह कहीं न कहीं इस प्रकार से निकलती रहती है। ...(**व्यवधान**)... एनडीए के अन्दर हमें 10 साल काम करने का मौका मिला। हमने पहले दलित को और अब आदिवासी को - हमारी प्राथमिकता क्या है, हमने हमेशा इसका परिचय दिया है। ...(**व्यवधान**)...

आदरणीय सभापति जी, जब मैं हमारी सरकार की परफॉर्मेंस की बात करता हूँ, एनडीए की गरीब कल्याण की नीतियों की बातें करता हूँ, तो थोड़ा सा अगर उस समाज को निकट से जानते हों, तो आखिर कौन समाज लाभार्थी है, वे कौन लोग हैं? किसको झुग्गी-झोपड़ियों में रह कर अपनी जिंदगी गुजारनी पड़ रही है? ये किस समाज के लोग हैं? इनको मुसीबतों से गुजरना पड़ता है, व्यवस्थाओं से वंचित रहना पड़ा। यह कौन समाज है? हमने जितना काम किया है, वह यही एससी, एसटी, ओबीसी, आदिवासी समाज के लिए है। कच्ची बस्तियों में रहने वाले लोगों को पक्का घर मिला है, तो मेरे इस समाज के बंधुओं को मिला है।...(**व्यवधान**)... इनको स्वच्छता के अभाव में हर वक्त बीमारी से जूझना पड़ता था। इनको 'स्वच्छ भारत अभियान' का लाभ देने का काम हमारी योजनाओं के तहत मिला है, ताकि उनको अच्छी जिंदगी जीने का अवसर मिले। इन्हीं परिवारों की हमारी माताएं-बहनें धुएँ से खाना पका-पका करके अपने स्वास्थ्य के संकट को झेल रही थीं। हमने उनको उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिया। वह इन्हीं परिवारों को दिया। मुफ्त राशन हो, मुफ्त इलाज हो - इसके लाभार्थी यही मेरे परिवार हैं, जो समाज के इस वर्ग के मेरे परिवारजन हैं, जिनके लिए हमारी सारी योजनाएँ काम कर रही हैं।

आदरणीय सभापति जी, यहाँ पर कुछ ऐसा नैरेटिव रखा गया, लेकिन तथ्यों को इस प्रकार से नकारने से किसका भला होगा! आप ऐसा करके अपनी क्रेडिबिलिटी भी खो रहे हैं, अपनी प्रतिष्ठा भी खो रहे हैं।

आदरणीय सभापति जी, यहाँ शिक्षा के भ्रामक आँकड़े रखे गए। गुमराह करने का कैसा प्रयास होता है! एससी, एसटी स्टूडेंट्स के लिए जो स्कॉलरशिप दिया जाता है, पिछले 10 वर्ष में उसकी वृद्धि हुई है। इन 10 वर्षों में स्कूलों में, हायर एजुकेशन में नामांकन की संख्या भी बहुत बढ़ी है और ड्रॉप आउट बहुत तेजी से कम हुआ है। आदरणीय सभापति जी, 10 साल पहले 120 एकलव्य मॉडल स्कूल्स थे और आज 400 एकलव्य मॉडल स्कूल्स हैं। आप इन चीजों को क्यों नकारते हैं? आप ऐसा क्यों करते हैं? यह मुझे समझ में नहीं आता है।

सभापति जी, पहले एक सेंट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटी थी, आज 2 सेंट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटीज़ हैं। आदरणीय सभापति जी, यह भी सच्चाई है कि लंबे अरसे तक दलित, पिछड़े, आदिवासी बेटे-बेटियाँ कॉलेजों का दरवाजा तक नहीं देख पाते थे। मुझे याद है, जब मैं गुजरात में सीएम बना, तब मेरे सामने चौंकाने वाला ऐनालिसिस आया। गुजरात में उमरगाम से अम्बाजी पूरा बेल्ट आदिवासी बहुल क्षेत्र है। हमारे दिग्विजय जी के एक दामाद भी उसी इलाके में हैं। उस पूरे इलाके में साइंस स्ट्रीम का एक भी स्कूल नहीं है। अब उस इलाके में मेरे आदिवासी बच्चों के लिए साइंस स्ट्रीम का स्कूल नहीं, तो इंजीनियरिंग, डॉक्टरी का तो सवाल ही कहाँ उठता है! ऐसी मिनिमम चीजें वहाँ नहीं थीं और ये यहाँ पर क्या भाषण दे रहे हैं!

आदरणीय सभापति जी, मैं बताना चाहता हूँ, सदन को गर्व होगा, कि आप उस सदन में बैठे हैं, जहाँ एक ऐसी सरकार आपके साथ बात कर रही है, एक ऐसी सरकार नेतृत्व कर रही है, जहाँ कितना बड़ा परिवर्तन आया है। आप उस समाज का विश्वास बढ़ाइए, उनका हौसला बुलंद कीजिए। वह देश की मुख्य धारा में तेजी से आगे बढ़े, उसके लिए हम प्रयास करें, सामूहिक प्रयास करें। मैं आदिवासी, एससी, एसटी समाज के विद्यार्थियों के नामांकन के संबंध में कुछ आँकड़े रखना चाहता हूँ। उच्च शिक्षा में एससी विद्यार्थियों का नामांकन 44 परसेंट बढ़ा है। उच्च शिक्षा में एसटी विद्यार्थियों का नामांकन 65 परसेंट बढ़ा है। हायर एजुकेशन में ओबीसी समाज के विद्यार्थियों के नामांकन में 45 परसेंट की बढ़ोतरी हुई है। जब मेरे गरीब, दलित, पिछड़े, आदिवासी और वंचित परिवार के बच्चे हायर एजुकेशन में जाएँगे, डॉक्टर्स बनेंगे, इंजीनियर्स बनेंगे, तो समाज के अंदर एक नया वातावरण पैदा होगा। उस दिशा में हमारी कोशिश यही है कि मूलभूत समस्याओं का समाधान करने के लिए थोड़ा समय लगे, लेकिन हम मजबूती से काम करें और इसलिए हमने एजुकेशन पर इस प्रकार से बल देकर काम किया है। कृपा करके जानकारियों का अभाव है तो कहिए, हम आपको जानकारियाँ दे देंगे, लेकिन ऐसे नैरेटिव मत बनाइए कि आपकी प्रतिष्ठा भी कम हो, आपके शब्द की ताकत खत्म हो जाए। आप पर कभी-कभी दया आ जाती है।

आदरणीय सभापति जी, 'सबका साथ, सबका विकास', यह नारा नहीं है, यह मोदी की गारंटी है। जब इतने सारे काम करते हैं, तो किसी ने एक कविता लिखकर भेजी थी। वह कविता तो बहुत लम्बी है, लेकिन उसमें एक वाक्य है:

"मोदी की गारंटी का दौर है नये भारत की भोर,
आउट ऑफ वारंटी चल रही दुकानें खोजें अपनी ठौर।"

आदरणीय सभापति जी, आज किस प्रकार देश में निराशा फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। मैं यह तो समझता हूँ कि जो लोग इतनी निराशा की गर्त में डूब चुके हैं, उनमें अब निराशा फैलाने का सामर्थ्य भी बचा नहीं है। वे आशा का संचार तो कर ही नहीं सकते हैं, क्योंकि जो खुद निराशा में डूबे हैं, उनसे आशा की उम्मीद नहीं की जा सकती है, लेकिन देश में हर जगह जहाँ बैठो, वहाँ निराशा, निराशा, निराशा फैलाने का जो खेल चल रहा है और यह सच्चाई को नकारकर हो रहा है, उससे वे न खुद का भला कर पाएँगे और न देश का भला कर पाएँगे।

आदरणीय सभापति जी, हर बार एक ही गाना गाया जाता है। समाज के कुछ वर्गों को भड़काने के लिए बिना हक़ीकत ऐसे वाक्य बोल दिए जाते हैं। मैं देश के सामने कुछ हक़ीकतों को रखना चाहता हूँ। मुझे विश्वास है कि मीडिया ऐसे विषयों पर ज़रा डिबेट कर ले, ताकि पता चले। ...(**व्यवधान**)...

आदरणीय सभापति जी, यहाँ पर सरकारी कंपनियों को लेकर हम पर भांति-भांति के आरोप लगे। क्या-क्या आरोप लगाए जा रहे हैं! उनका सिर, पैर, माथा कुछ नहीं है, बस लगाते चलो। अब देखिए, देश को याद है कि मारुति के शेयर्स का क्या खेल चल रहा था। उस जमाने में यह बात हेडलाइन बना करती थी कि मारुति के शेयर्स का क्या खेल चल रहा है। मैं उसकी गहराई में नहीं जाना चाहता हूँ, वरना वहाँ तक पानी पहुँचेगा नहीं, शायद यहीं पर करंट लग जाएगा, इसलिए मैं वहाँ तक जाना नहीं चाहता। ...(**व्यवधान**)... आदरणीय सभापति जी, देश को जानना जरूरी है। आदरणीय सभापति जी, मैं तो आज़ाद भारत में पैदा हुआ हूँ, मेरे विचार भी आज़ाद हैं और मेरे सपने भी आज़ाद हैं। जो गुलामी की मानसिकता को जीने वाले हैं, उनके पास और कोई चीजें नहीं हैं, वे वही पुराने कागज़ लेकर घूमते रहते हैं।

आदरणीय सभापति जी, कांग्रेस ने कहा कि हमने ये पीएसयू बेच दिए, ये पीएसयू डुबो दिए। यहाँ पर भांति-भांति की बातें कही गईं और मैं वरिष्ठ लोगों के मुँह से सुन रहा था। याद कीजिए, बीएसएनएल-एमटीएनएल को बरबाद करने वाले कौन थे? वह कौन सा कालखंड था, जब बीएसएनएल, एमटीएनएल बरबाद हो चुके थे! आप ज़रा याद कीजिए कि एचएएल की क्या दुर्दशा करके रखी थी और जाकर एचएएल के गेट पर जाकर भाषण देकर एचएएल के नाम पर वर्ष 2019 का चुनाव लड़ने का एजेंडा तय होता था। जिन्होंने एचएएल को तबाह कर दिया था, वे एचएएल के गेट पर जाकर भाषण झाड़ रहे थे।

आदरणीय सभापति महोदय, एयर इंडिया को किसने तबाह किया, किसने बरबाद किया, ये हालात कौन लाया था! कांग्रेस पार्टी और यूपीए 10 साल की उनकी बरबादी से मुंह नहीं मोड़ सकती। देश भलीभांति जानता है।

महोदय, अब मैं हमारे कार्यकाल की सफलता की बात बताना चाहता हूं। आदरणीय सभापति महोदय, जिस बीएसएनएल को आपने तबाह करके छोड़ा था, वही बीएसएनएल आज मेड इन इंडिया 4G, 5G की तरफ आगे बढ़ रहा है और दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रहा है। ...(**व्यवधान**)... आदरणीय सभापति महोदय, एचएएल के लिए इतने भ्रम फैलाए गए, आज एचएएल रिकॉर्ड मैन्युफैक्चरिंग कर रहा है, रिकॉर्ड रेवेन्यु generate कर रहा है। जिसको लेकर इतना हो-हल्ला चलाये। महोदय, कर्णाटक में एशिया की सबसे बड़ी हैलीकॉप्टर बनाने वाली कम्पनी एचएएल बन गई। आपने कहां छोड़ा था और हमने उसे कहां पहुंचाया है! ...(**व्यवधान**)...

आदरणीय सभापति जी, एक कमांडो यहां नहीं है, एलआईसी को लेकर पता नहीं कैसे-कैसे बड़े विद्वत्तापूर्ण बयान देते थे। एलआईसी का ऐसा हो गया, एलआईसी का वैसा हो गया, एलआईसी का यूं हो गया। एलआईसी के लिए जितनी गलत बातें बोल सकते थे, वे बोलीं - तरीका यही है कि किसी को बरबाद करना हो तो अफवाह फैलाओ, झूठ फैलाओ, भ्रम फैलाओ ...(**व्यवधान**)... और ट्रेंड ही वही है। गांव में किसी का बड़ा बंगला हो, उसे लेने का मन करता हो, लेकिन वह हाथ न लगता हो, तो हवा फैला देते हैं कि यह भूतिया बंगला है, यहां जो जाता है - ऐसी हवा फैला देते हैं कि कोई लेता नहीं है, फिर खुद जाकर उसे लपक लेते हैं। एलआईसी-एलआईसी - क्या चलाया? ...(**व्यवधान**)... आदरणीय सभापति जी, मैं सीना तानकर सुनाना चाहता हूं, आंखें ऊंची करके सुनाना चाहता हूं कि आज एलआईसी के शेयर्स रिकॉर्ड स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं।

आदरणीय सभापति जी, अब प्रचार किया जा रहा है कि पीएसयू बंद हो गए। उनको याद भी नहीं होगा कि क्या है! बस, किसी ने पकड़ा दिया, बोलो-बोलो। देश में वर्ष 2014 में 234 पीएसयू थे, फिर वर्ष 2014 में जब उन्होंने छोड़ा, तब 234 थे, जो आज 254 हैं। उस समय 234 थे, आज 254 हैं। वे पता नहीं कौन सा arithmetic जानते हैं, कहते हैं कि बेच दिए। अब 234 में से बेचने के बाद 254 हो गए! आप लोग क्या कर रहे हैं? आदरणीय सभापति महोदय, आज अधिकतर पीएसयू रिकॉर्ड रिटर्न दे रहे हैं और इन्वेस्टर्स का भरोसा पीएसयू की तरफ बढ़ रहा है। ...(**व्यवधान**)... जो थोड़ा भी शेयर बाज़ार के बारे में जानते हैं, उनको समझ आता है, अगर नहीं समझ आता है, तो किसी को पूछिए। महोदय, बीएसई इंडेक्स में पीएसयू में बीते एक वर्ष के दौरान लगभग दोगुनी उछाल हुआ है। मैं दस साल पहले, यानी 2004 से 2014 के बीच की बात करता हूं। पीएसयू का नेट प्रॉफिट करीब-करीब सवा लाख करोड़ रुपये था और इन दस वर्ष में पीएसयू का नेट प्रॉफिट ढाई लाख करोड़ रुपये है। हमारे दस वर्ष में पीएसयू की नेट वर्थ 9.5 लाख करोड़ से बढ़कर 17 लाख करोड़ हो गई है। इनका हाथ जहां भी लगता है, उसका डूबना तय हो जाता है और यही दशा करके उन्होंने छोड़ी थी। हम मेहनत करके उसे बाहर लाये । इतनी प्रतिष्ठा बढ़ी है। आपको खुशी होनी चाहिए। आप भ्रम मत फैलाइए, बाजार में ऐसी हवा न फैलाइए कि देश के सामान्य निवेशक के मन में उलझन आ जाए। ऐसा काम आप नहीं कर सकते।...(**व्यवधान**)... इन लोगों की मर्यादा इतनी है कि इन्होंने अपने युवराज को एक स्टार्टअप बनाकर दिया है। अभी वह नॉन स्टार्टर है। न तो वह लिफ्ट हो रहा है, न लॉन्च हो रहा है। आप पिछली बार भी इतनी सादगी से रहे होते, तो कितना मजा आता। आदरणीय राष्ट्रपति जी ...(**व्यवधान**)...

कुछ माननीय सदस्य : सभापति जी, आपका प्रमोशन हो गया है।

श्री नरेन्द्र मोदी : बधाई हो, बधाई हो, सबको बधाई हो। आदरणीय सभापति जी, मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे लंबे समय तक एक राज्य के मुख्य मंत्री के नाते देश की और जनता की सेवा करने का अवसर मिला। इसलिए मैं रीजनल एस्पिरेशन्स को भली-भांति समझता हूं, क्योंकि मैं उस प्रोसेस से निकला हूं। जैसे यहां हमारे दिग्विजय जी हैं। उनको भली-भांति सहज समझ आता है कि एक राज्य के लिए क्या होता है। हम लोग उसी दुनिया से निकलकर आए थे, तो हमें अनुभव है, पता है, शरद पवार जी को पता है। वैसे यहां कुछ लोग हैं, जिनको इन सारी चीजों के बारे में पता

है, देवेगौड़ा साहब हैं, इन लोगों को इन सारी चीजों के बारे में पता है। हम इसका महात्म्य समझते हैं, हमें किताबों में नहीं पढ़ना पढ़ता है, हम अनुभव करके आए हैं। यह भी सच्चाई है कि दस साल तक यूपीए की पूरी शक्ति गुजरात को कुछ न करने में लगी हुई थी, आप उसकी कल्पना नहीं कर सकते हैं, लेकिन मैं आंसू नहीं बहाता हूं, मेरी रोने की आदत नहीं है। इतने संकटों के बावजूद भी, इतने जुल्म के बाद भी, हर प्रकार की मुसीबतों को झेलते हुए भी - मेरी तो मुसीबत ऐसी थी कि मुझे किसी मिनिस्टर से appointment भी नहीं मिलती थी, वे कहते थे कि मेरी दोस्ती है, तो मैं फोन पर बात कर लूंगा, लेकिन उन्हें कहीं पर फोटो आने का डर रहता था। यहां मंत्रियों को डर था। खैर, मैं उनकी मुसीबतें समझ सकता हूं। मेरे यहां एक बार बहुत बड़ी प्राकृतिक आपदा आई। मैंने उस समय प्रधान मंत्री जी से रिक्वेस्ट की कि आप आइए और एक बार जरा देख लीजिए। उनका कार्यक्रम बना। सर, एक एडवाइज़री कमेटी बनी थी, फिर वहां से हुक्म आया। अगर कोई हैलिकॉप्टर से हवाई निरीक्षण करे, वह तो मैं समझ सकता हूं। वे कार्यक्रम बदलकर किस राज्य में गए, यह तो मुझे आज याद नहीं आ रहा है। वे बोले कि हम हवाई जहाज से ऊपर से ही देख लेंगे, हम गुजरात में नहीं आएंगे। मैं सूरत पहुंचा हुआ था, वे आने वाले थे, मैं जानता हूं कि आखिर में क्या हुआ होगा! आप कल्पना कर सकते हैं कि मैंने प्राकृतिक आपदा में भी ऐसी मुसीबतों को झेला है। उसके बावजूद उस समय भी मेरा मंत्र था और आज भी मेरा मंत्र है कि देश के विकास के लिए राज्य का विकास, भारत के विकास के लिए गुजरात का विकास होना जरूरी है। हम सबको इसी रास्ते पर चलना चाहिए। हम राज्यों के विकास से ही राष्ट्र का विकास कर पाएंगे, इस पर कोई विवाद नहीं हो सकता है।

आदरणीय सभापति जी, मैं आपको विश्वास देता हूं कि अगर राज्य एक कदम चलता है, तो दो कदम चलने की ताकत देने के लिए मैं तैयार हूं। कोऑपरेटिव फेडरलिज़्म क्या होता है! आज देश को कॉम्पिटिटिव कोऑपरेटिव फेडरलिज़्म की जरूरत है। हमारे राज्यों के बीच तंदुरुस्त प्रतिस्पर्धा हो ताकि हम तेज़ी से देश में आगे बढ़ सकें। हमें एक सकारात्मक सोच के साथ आगे चलने की जरूरत है। जब मैं राज्य में था तब भी इन्हीं विचारों को लेकर काम करता था, इसलिए चुपचाप सहता भी था।

आदरणीय सभापति जी, कोविड एक उदाहरण है। दुनिया में इतना बड़ा संकट आया, ऐसे संकट के समय मैंने राज्य के मुख्य मंत्रियों के साथ उस काल खंड में 20 बैठकें कीं। मैंने एक-एक बात पर विचार-विमर्श करके, साथ लेकर के काम किया। सभी राज्यों का सहयोग लेकर, एक टीम बनकर केंद्र और राज्य ने काम किया, दुनिया जिस मुसीबत को झेल नहीं पाई, हम सबने मिलकर के उसका सामना किया। मैं किसी एक को क्रेडिट कभी नहीं दूंगा, सबने मिलकर इस देश को बचाने के लिए जो हो सकता था, वह किया। राज्यों को भी उसका क्रेडिट लेने का पूरा अधिकार है। इस सोच के साथ हमने काम किया।

आदरणीय सभापति जी, हम जी20 का आयोजन दिल्ली में कर सकते थे, हम दिल्ली में इतने बड़े-बड़े नेताओं के बीच में रहकर सब कुछ कर सकते थे, ऐसा पहले हुआ भी है, लेकिन हमने ऐसा नहीं किया। हमने जी20 का पूरा यश राज्यों को दिया, दिल्ली में एक मीटिंग की तो राज्यों में 200 कीं। एक-एक राज्य को दुनिया का एक्सपोज़र मिले - यह गलती से नहीं हुआ, यह योजना के तरीके से हुआ। किस राज्य में किसकी सरकार है, मैं इस आधार पर देश नहीं चलाता हूं। हम सब मिलकर देश को आगे बढ़ाना चाहते हैं, इस भूमिका से काम किया है।

आदरणीय सभापति जी, हमारे देश में विदेश से मेहमान आते थे, अब मेरे आने के बाद आ रहे हैं, ऐसा थोड़े ही है, पहले भी आते थे। आज विदेशी मेहमान आते हैं, तो मेरा आग्रह रहता है कि आपको एक दिन किसी राज्य में जाना चाहिए। मैं उनको लेकर राज्यों में जाता हूं, ताकि उनको पता चले कि मेरा देश केवल दिल्ली नहीं है, मेरा देश चेन्नई में भी है, मेरा देश बेंगलुरु में भी है, मेरा देश हैदराबाद में भी है, मेरा देश पुरी में भी है, भुवनेश्वर में भी है, मेरा देश कोलकाता में भी है, मेरा देश गुवाहाटी में भी है। पूरी दुनिया को मेरे देश के हर कोने का एक्सपोज़र मिले, इसके लिए हम कोशिश करते हैं। हम वहां की सरकार के सहयोग या असहयोग को तराजू पर नहीं तौलते हैं। एक ईमानदारी से, इस देश के भविष्य के लिए पूरा विश्व हमारे भारत को जाने, इसके लिए हम प्रयास करते हैं। सबको मालूम है कि 26 जनवरी को इतना काम रहता है, लेकिन उसके बावजूद मैं 25 तारीख को फ्रांस के राष्ट्रपति जी को राजस्थान की गलियों में घुमा रहा था, जिससे कि दुनिया को पता चले कि हमारा राजस्थान ऐसा है।

आदरणीय सभापति जी, हमने एक बहुत बड़ा कार्यक्रम एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स का लिया है जिसकी विश्व में एक मॉडल के रूप में चर्चा होती है। एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स की जो सफलता है, उसमें 80 परसेंट भूमिका मेरे राज्यों के सहयोग की है। राज्यों ने सहयोग दिया है, उन्होंने मेरी एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स की भावना को समझा है। आज मेरी उस एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स की भावना को आगे बढ़ाने के लिए 80 परसेंट ताकत राज्यों से मिल रही है, डिस्ट्रिक्ट लेवल के अफसरों से मिल रही है और जो राज्य, राज्यों की औसत में भी आखिरी पायदान पर खड़े थे, वे आज नेशनल एवरेज के साथ कंपीटीशन करने लगे हैं। ये डिस्ट्रिक्ट्स कभी पिछड़े डिस्ट्रिक्ट्स माने जाते थे। आज यह सबके सहयोग से हो रहा है। इसलिए हमारे कार्यक्रमों की रचना ही सबको साथ लेकर चलने की है और मिलकर देश के भविष्य को बनाने की है। आज देश का हर कोना, हर परिवार विकास के फल प्राप्त करे - यह हम सबका दायित्व है और हम उसी दिशा में जाना चाहते हैं। हम हर राज्य को उसका पूरा हक भी देना चाहते हैं, लेकिन मैं आज एक अहम मुद्दे पर अपनी पीड़ा व्यक्त करना चाहता हूं।

आदरणीय सभापति जी, एक राष्ट्र हमारे लिए सिर्फ जमीन का एक टुकड़ा नहीं है, बल्कि हम सबके लिए एक ऐसी इकाई है, जो प्रेरणा देने वाली इकाई है। जैसे शरीर होता है, शरीर में अंगांगिभाव होता है, अगर पैर में कांटा लगे, तो पैर के लिए हाथ कभी यह नहीं सोचता है कि मुझे क्या, पैर को कांटा लगा है, पैर पैर का काम करेगा। पल भर में हाथ पैर के पास पहुंच जाता है, कांटा निकालता है। कांटा पैर को लगता है, लेकिन आँख यह नहीं कहती कि मैं आँसू क्यों बहाऊँ? आँसू आँख से निकलते हैं। हिंदुस्तान के किसी भी कोने में दर्द हो, तो पीड़ा सबको होनी चाहिए। अगर देश का एक कोना, अगर शरीर का एक अंग काम नहीं करता है, तो पूरा शरीर अपंग माना जाता है, उसी प्रकार से यदि देश का कोई कोना, देश का कोई क्षेत्र विकास से वंचित रह जाएगा, तो देश विकसित नहीं हो सकता है। इसलिए हमारे भारत को एक अंगांगिभाव से देखना चाहिए, उसको टुकड़ों में नहीं देखना चाहिए। जिस प्रकार से इन दिनों एक भाषा बोली जा रही है, देश को तोड़ने के लिए राजनीतिक स्वार्थ के लिए नए नैरेटिव गढ़े जा रहे हैं, एक पूरी सरकार मैदान में उतरकर वह भाषा गढ़ रही है, उससे बड़ा देश का दुर्भाग्य और क्या हो सकता है? आप मुझे बताइए कि झारखंड का कोई आदिवासी बच्चा अगर ओलंपिक के खेल में जाकर मेडल लेकर आएगा, तो क्या हम यह सोचते हैं कि यह तो झारखंड का बच्चा है? पूरा देश कहता है कि हमारे

देश का बच्चा है। जब झारखंड के एक बच्चे में प्रतिभा देखते हैं और देश हज़ारों, लाखों रुपये खर्च करके उसे अच्छी कोचिंग दिलाने के लिए दुनिया के किसी देश में भेजता है, तो क्या हम यह सोचेंगे कि यह खर्चा झारखंड के लिए हो रहा है? क्या यह इस देश के लिए नहीं हो रहा है? हम क्या करने लगे हैं, क्या भाषा बोलने लगे हैं? इस देश का एक गौरव है। हमारे यहाँ पर वैक्सीन थी। देश के करोड़ों लोगों के लिए वैक्सीन देने पर क्या हम यह कहेंगे कि वैक्सीन तो उस कोने में बनी थी, इसलिए हक उनका है, देश को नहीं मिल सकती। ऐसा सोच सकते हैं क्या? वैक्सीन उस शहर में बनी थी, इसलिए देश के और भागों को इसका लाभ नहीं मिलेगा - क्या यह सोचेंगे? क्या सोच बन गई है और एक राष्ट्रीय दल के अंदर से ऐसे विचार आएं - यह बहुत दुखद बात है।

आदरणीय सभापति जी, मैं पूछना चाहता हूं कि अगर हिमालय कल यह कहना शुरू कर दे कि ये नदियाँ मेरे यहाँ से बहती हैं, मैं तुम्हें पानी नहीं दूंगा, पानी का अधिकार मेरा है, तो देश का क्या होगा? देश कहाँ जाकर रुकेगा? जिन राज्यों में कोयला है, अगर वे यह कह दें कि कोयला नहीं मिलेगा, यह हमारी संपत्ति है, जाओ, तुम अंधेरे में गुज़ारा करो, तो देश कैसे चलेगा? आदरणीय सभापति जी, ऑक्सीजन- कोविड के समय हमारे यहाँ ऑक्सीजन की संभावनाएं - जो उद्योग हैं, उनके द्वारा - पूरे देश को ऑक्सीजन की जरूरत थी, अगर उस समय पूरब के लोग ऐसा कहकर बैठ जाते कि हम ऑक्सीजन नहीं दे सकते, हमारे लोगों को जरूरत है, देश को कुछ नहीं मिलेगा, तब देश का क्या होता? उन्होंने संकट झेलकर भी विदेश में ऑक्सीजन पहुंचाई। देश के अंदर यह भाव तोड़ने का क्या प्रयास हो रहा है? देश में इस प्रकार से कहना कि हमारा टैक्स, हमारी मनी - यह किस भाषा में बोला जा रहा है? यह देश के भविष्य के लिए नया खतरा पैदा करने वाली भाषा है। देश को तोड़ने के लिए नए-नए narrative खोजना बंद कर दीजिए। देश को आगे बढ़ना है, देश को एक साथ लेकर चलने का प्रयास कीजिए। आदरणीय सभापति जी, पिछले दस वर्ष नीति और निर्माण के... ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*... No. ...*(Interruptions)*... Hon. Leader of the Opposition, please take your seat. ...*(Interruptions)*... This conduct does not suit your position. ...*(Interruptions)*... Please take your seat. ...*(Interruptions)*... Please take your seat. ...*(Interruptions)*...

श्री नरेन्द्र मोदी : आदरणीय सभापति जी, नीति और निर्माण नए भारत की नई दिशा दिखाने के लिए हैं, जो दिशा हमने पकड़ी है, जो निर्माण कार्य हमने लिए हैं - बेसिक सुविधाएं जरूर मिलें, बीते एक दशक में इस पर हमारा ध्यान केन्द्रित रहा है। आदरणीय सभापति जी, हर परिवार का जीवनस्तर ऊपर उठे, उसके जीवन में ईज़ ऑफ लिविंग बढ़े। अब समय की माँग है कि उसकी क्वालिटी ऑफ लाइफ में हम कैसे सुधार लाएं। हम आने वाले दिनों में हमारी पूरी शक्ति, पूरे सामर्थ्य से ईज़ ऑफ लिविंग से एक कदम आगे बढ़कर क्वालिटी ऑफ लाइफ की तरफ बढ़ना चाहते हैं। हम उसके लिए जाएंगे। आदरणीय सभापति जी, आने वाले पाँच वर्षों में हम neo middle class, जो गरीबी से निकलकर बाहर आए हैं, ऐसी neo middle class को नई ऊँचाइयों पर पहुंचाने के लिए और सशक्त बनाने के लिए हम अनेक प्रकार से पूरा प्रयास करने वाले हैं, इसलिए

हमने सामाजिक न्याय का जो मोदी कवच दिया है, उस मोदी कवच को और मजबूत बनाने वाले हैं, और ताकत देने वाले हैं।

आदरणीय सभापति जी, आजकल जब हम कहते हैं कि 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं, तब एक ऐसा कुतर्क दिया जाता है कि 25 करोड़ बाहर आए, तो 80 करोड़ को अनाज क्यों देते हो? आदरणीय सभापति जी, हम जानते हैं कि कोई बीमार व्यक्ति हॉस्पिटल से बाहर आ जाए, तब भी डॉक्टर कहता है कि कुछ दिन इसे ऐसे-ऐसे संभालिए, खाने में परहेज रखिए, फलाना करिए, ढिकाना करिए। यह क्यों कहते हैं - कहीं वह दोबारा मुसीबत में न आ जाए। जो गरीबी से बाहर निकला है, उसे ज्यादा संभालना चाहिए, ताकि कोई ऐसा संकट आने से वह फिर से गरीबी की तरफ न लपक जाए, इसलिए उसे मजबूती देने का समय देना चाहिए। यह समय हमने गरीब को मजबूत होने के लिए दिया है, ताकि वह neo middle class वापस उस गर्त में न डूब जाए। हम आयुष्मान भारत योजना में पाँच लाख रुपये देते हैं, तो उसके पीछे भी एक इरादा है। अगर परिवार में एक बीमारी आ जाए, तो मध्यम वर्ग के आदमी को भी गरीब बनने में देर नहीं लगती है, इसलिए गरीबी से बाहर निकलना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है कि गलती से भी वह गरीबी की तरफ पीछे न चला जाए। इसके लिए ध्यान रखने की आवश्यकता है, इसलिए हम अनाज देते हैं, अनाज देते रहेंगे, चाहे किसी को बुरा लगे या न लगे। 25 करोड़ गरीबी से बाहर निकले हैं, neo middle class हुए हैं, लेकिन मुझे समझ है, मैं वह दुनिया जी करके आया हूँ, उन्हें जरूरत ज्यादा है, इसलिए हमारी यह योजना जारी रहेगी। आदरणीय सभापति जी, देश जानता है और इसीलिए मैंने गारंटी दी है। मेरी गारंटी है कि गरीबों के पाँच लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा आगे भी मिलती रहेगी। मेरी गारंटी है, मोदी की गारंटी है कि 80 परसेंट डिस्काउंट से जो दवाइयाँ मिल रही हैं, जिसका लाभ मध्यम वर्ग, गरीब को मिल रहा है, वह मिलता रहेगा। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Kharge*ji*, nothing is going on record. *...(Interruptions)...* Kharge*ji*, nothing is going on record. *...(Interruptions)...*

श्री नरेन्द्र मोदी: आदरणीय सभापति जी, मोदी की गारंटी है कि किसानों को जो सम्मान निधि मिल रही है, वह सम्मान निधि चालू रहेगी, ताकि विकास की यात्रा में वे ताकत के साथ जुड़ जाएं। आदरणीय सभापति जी, गरीबों को पक्के घर देने का मेरा अभियान है। अगर परिवार बड़ा होता है, नया परिवार बनता है -- पक्के घर देने का मेरा कार्यक्रम जारी रहेगा। 'नल से जल योजना' के संबंध में भी मेरा पक्का इरादा है और मेरी पक्की गारंटी है। हमें नए शौचालय बनाने की जरूरत पड़ेगी और मेरी पक्की गारंटी है कि हम यह जारी रखेंगे। ये सारे काम तेजी से चलेंगे, क्योंकि विकास का जो रास्ता, विकास की जो दिशा हमने पकड़ी है, इसको हम किसी भी हालत में जरा भी धीमी नहीं होने देना चाहते हैं।

आदरणीय सभापति जी, हमारी सरकार का तीसरा टर्म दूर नहीं है। कुछ लोग इसे मोदी 3.0 कहते हैं। ...(**व्यवधान**)... मोदी 3.0 विकसित भारत की नींव को मजबूत करने के लिए पूरा शक्ति लगा देगा। अगले पांच साल में भारत में डॉक्टरों की संख्या पहले की तुलना में अनेक गुणा बढ़ेगी, मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ेगी, इस देश में इलाज बहुत सस्ता और सुलभ हो जाएगा।

अगले पांच साल में हर गरीब के घर में नल से जल का कनेक्शन होगा। आने वाले पांच साल में उन गरीबों को जो पीएम आवास देने हैं, उससे एक भी वंचित नहीं रहे, इसका पक्का ख्याल रखा जाएगा। अगले पांच साल सोलर पावर से बिजली का बिल ज़ीरो हो जाएगा, देश के करोड़ों नागरिकों का बिजली का बिल ज़ीरो हो जाएगा और अगर ठीक से आयोजन करेंगे, तो वे अपने घर पर बिजली बनाकर उसे बेचकर कमाई कर पाएंगे - यह अगले पांच साल का कार्यक्रम है। अगले पांच साल देश में पाइप से गैस के कनेक्शन का पूरे देश में नेटवर्क बनाने का भरपूर प्रयास किया जाएगा।

आदरणीय सभापति जी, आने वाले पांच साल हमारी युवा शक्ति का दम पूरी दुनिया देखेगी। आदरणीय सभापति जी, आप देखिएगा कि हमारे युवा स्टार्टअप्स, युवाओं के यूनिकॉर्न्स की संख्या लाखों में होने वाली है। इतना ही नहीं, टीयर-2, टीयर-3 सिटीज़ नए-नए स्टार्टअप्स से एक नई पहचान से उभरने वाली हैं - यह मैं पांच साल का चित्र अपने सामने देख रहा हूं। आदरणीय सभापति जी, रिसर्च फंडिंग की वृद्धि का प्रभाव आप देखिएगा कि पिछले सात दशक में जितने पेटेंट नहीं हुए हैं, उतने रिकॉर्ड पेटेंट्स फाइल होने का दिन आने वाले पांच साल में मैं देख रहा हूं। आज मेरे मध्यम वर्गीय लाखों बच्चे विदेशों में पढ़ने के लिए चले जाते हैं। मैं वह स्थिति लाना चाहता हूं कि मेरे बच्चों के लाखों रुपये बच जाएं, मेरे देश के मध्यम वर्ग के सपने पूरे हों और मेरे देश में बेस्ट से बेस्ट यूनिवर्सिटीज़ हों। उनको उच्चतम शिक्षा मेरे देश में मिले और मेरे बच्चों और उनके परिवार का पैसा बचे।

आदरणीय सभापति जी, आप आने वाले पांच साल में देखना कि कोई भी इंटरनेशनल खेल का कॉम्पीटिशन ऐसा नहीं होगा, जिसमें भारत का झंडा हर जगह न फहरा रहा हो। मैं देखने वाला हूं कि पांच साल में खेल जगत के अंदर दुनिया में भारत के युवाओं की शक्ति की पहचान होगी। आने वाले पांच साल में भारत का पब्लिक ट्रांसपोर्ट पूरी तरह ट्रांसफॉर्म होने वाला है। ...**(व्यवधान)**... अगले पांच साल में गरीब और मिडिल क्लास को तेज और शानदार यात्रा की सुविधाएं बहुत आसानी से मिलने वाली हैं, तेज मिलने वाली हैं, पूरी ताकत से यह सब होने वाला है। अगले पांच साल में देश बुलेट ट्रेन भी देखेगा और देश वंदे भारत ट्रेन का विस्तार भी देखेगा। ...**(व्यवधान)**...

आदरणीय सभापति जी, अगले पांच साल में आत्मनिर्भर भारत का अभियान नई ऊंचाई में होगा, देश हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर होता नज़र आएगा। आने वाले पांच साल में मेड इन इंडिया सेमिकंडक्टर से दुनिया में हमारी गूंज होगी। हर इलेक्ट्रॉनिक गुड्स में वह चिप होगी, जिसमें किसी न किसी भारतीय का पसीना होगा। आदरणीय सभापति जी, दुनिया के इलेक्ट्रॉनिक बाजार में एक नई गति का सामर्थ्य है, आने वाले 5 साल में देश देखेगा।

आदरणीय सभापति जी, आज देश लाखों-करोड़ों रुपए का तेल इंपोर्ट करता है। अपनी ऊर्जा की जरूरतों के लिए हम ज्यादा से ज्यादा आत्मनिर्भर बनने की दिशा में काम करेंगे और मुझे विश्वास है कि हम ऊर्जा की जरूरतों पर जो डिपेंडेंसी है, वह कम करने में सफल होंगे।

आदरणीय सभापति जी, इतना ही नहीं, ग्रीन हाइड्रोजन अभियान के द्वारा हम दुनिया के बाजार को लालायित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमारा ग्रीन हाइड्रोजन में ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने का सामर्थ्य रहेगा। इथेनॉल की दुनिया में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। 20 परसेंट का लक्ष्य प्राप्त करके यह हमारे लोगों को ट्रांसपोर्टेशन में सस्ता मिले, इसकी व्यवस्था होगी।

आदरणीय सभापति जी, जब मैं 20 परसेंट इथेनॉल की बात करता हूँ, तो उसका सीधा लाभ मेरे देश के किसानों को होने वाला है। किसान एक नई परिस्थिति में होगा। देश के हजारों करोड़ रुपए खाद्य तेल पर खर्च होते हैं। हम अपने देश को कृषि प्रधान देश तो कहते हैं, लेकिन आज भी हजारों करोड़ रुपए का खाने का तेल हमें बाहर से लाना पड़ रहा है। हमारे देश के किसानों पर मुझे भरोसा है। जिन नीतियों को लेकर हम चल रहे हैं, एडिबल ऑयल में मेरा देश 5 साल में बहुत अधिक आत्मनिर्भर हो जाएगा। जो पैसा बचेगा, वह मेरे देश के किसान की जेब में जाएगा, जो आज विदेश के बाजार में जाता है।

आदरणीय सभापति जी, केमिकल से खेती के कारण हमारी धरती माँ को बहुत नुकसान हो रहा है। आने वाले 5 साल में देश के किसानों को नैचुरल फार्मिंग की तरफ ले जाने में हम सफलतापूर्वक आगे बढ़ेंगे। इससे एक नया जागृति का काम होगा और हमारी धरती माँ की भी सुरक्षा होगी। आदरणीय सभापति जी, नैचुरल फार्मिंग बढ़ने से दुनिया के बाजार में भी हमारे उत्पादों की ताकत बढ़ने वाली है।

आदरणीय सभापति जी, यूनाइटेड नेशंस के माध्यम से मैंने मिलेट का अभियान चलाया। श्री अन्न के नाते आज हमने उसको पहचान दी है। मैं वह दिन दूर नहीं देखता हूँ जबकि आने वाले 5 साल में दुनिया के बाजार में सुपर फूड के रूप में मेरे गाँव के छोटे-छोटे किसानों के द्वारा पैदा हुए मिलेट, श्री अन्न की दुनिया के बाजार में प्रतिष्ठा होगी, सुपर फूड की प्रतिष्ठा होगी।

आदरणीय सभापति जी, खेतों में ड्रोन किसानों की एक नई ताकत बन कर उभरने वाला है। 15 हजार ड्रोन दीदी का कार्यक्रम ऑलरेडी हम लॉन्च कर चुके हैं। यह तो शुरुआत है, आगे बहुत सफलता दिखती है।

आदरणीय सभापति जी, हम नैनो टेक्नोलॉजी को एग्रीकल्चर में प्रयोग में लाने में अब तक सफल हुए हैं। हमने नैनो यूरिया में बहुत बड़ी सफलता पाई है, नैनो डीएपी की दिशा में सफलता पाई है। आज एक बोरी भर खाद लेकर घूमने वाला किसान एक बोतल की खाद से काम चलाएगा, वह दिन दूर नहीं है।

आदरणीय सभापति जी, सहकारिता क्षेत्र में हमने एक नई मिनिस्ट्री बनाई है। उसके पीछे इरादा है कि सहकारिता का एक पूरा जन आंदोलन नई ताकत के साथ उभरे और 21वीं सदी की आवश्यकता के अनुसार उभरे। उसका सबसे बड़ा लाभ हमारे देश के लोगों को होगा। हमने जो 2 लाख भंडारण का काम हाथ में लिया है, जब वह 5 साल के भीतर पूरा हो जाएगा, तो छोटे किसान को भी अपनी पैदावार को रखने की जगह मिल जाएगी। फिर किसान तय करेगा किस भाव से बाजार में बेचना है, नहीं बेचना है। उसको जो बरबाद होने का डर था, वह खत्म हो जाएगा और किसान की आर्थिक ताकत बढ़ जाएगी। पशुपालन और मछलीपालन, मैं पक्का कहता हूँ कि नए रिकॉर्ड बनाने वाले हैं। आज हमारे यहाँ पशु की संख्या है, लेकिन दूध का उत्पादन कम है। हम इस स्थिति को बदल देंगे। फिशरीज एक्सपोर्ट करने की दुनिया में हम बहुत तेजी से विकास करेंगे, यह भी मेरा पूरा विश्वास है। हमने जो एफपीओ की रचना का काम प्रारम्भ किया है, इसका अनुभव बहुत अच्छा है। 5 साल के भीतर किसानों की एक नई संगठन की शक्ति होगी, कृषि उत्पादन में वैल्यू की ताकत होगी, यह लाभ मेरे देश के किसानों को अवश्य मिलने वाला है।

आदरणीय सभापति जी, जी20 की सफलता ने साफ कर दिया है और दुनिया में कोविड के बाद जो खुलापन आया, उस खुलापन का सबसे बड़ा लाभ हमने देखा है कि विश्व का ध्यान भारत

की तरफ गया है। इसलिए टूरिज्म आने वाले दिनों में एक बहुत बड़ा क्षेत्र होने वाला है, जो सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला है। आज विश्व के कई देश हैं, जिनकी पूरी इकोनॉमी टूरिज्म पर निर्भर है। भारत में भी बहुत से राज्य ऐसे बन सकते हैं, जिनकी पूरी इकोनॉमी का सबसे बड़ा हिस्सा टूरिज्म होगा। वह दिन दूर नहीं। जिन नीतियों को लेकर हम चल रहे हैं, वह दिन दूर नहीं है, जब भारत एक बहुत बड़ा टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनने वाला है। आदरणीय सभापति जी, जिसका हिसाब-किताब पहले बहुत कम हुआ करता था, जिसकी बातें सुन कर हमारा मज़ाक उड़ाया जाता था, जब मैं 'Digital India' की चर्चा करता था, जब मैं Fintech की चर्चा करता था, तो लोगों को ऐसा लगता था कि मैं ज़रा out of the box बातें कर रहा हूँ। Outdated सोच वाले लोगों के लिए सामर्थ्य का अभाव था, लेकिन आदरणीय सभापति जी, मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले 5 वर्षों में digital economy की दुनिया में भारत का डंका बजने वाला है ...(**व्यवधान**)... और डिजिटल व्यवस्थाएँ भारत के सामर्थ्य को बढ़ाने वाली हैं। विश्व मानता है कि एआई का सबसे ज्यादा उपयोग करने का सामर्थ्य अगर किसी देश में होगा, तो वह हिन्दुस्तान में होगा। latest से latest technology का उपयोग मेरा देश करेगा।

आदरणीय सभापति जी, स्पेस की दुनिया में भारत का नाम रौशन हो रहा है। हमारे वैज्ञानिकों का पराक्रम नजर आने वाला है और आने वाले 5 सालों का जो कार्यक्रम है, मैं आज उसको शब्दों में बयाँ नहीं करना चाहता हूँ, लेकिन विश्व को अचम्भित करने की दिशा में, हमारे वैज्ञानिक स्पेस की दुनिया में भारत को ले जाएँगे, यह मेरा पक्का विश्वास है।

आदरणीय सभापति जी, grassroot level की इकोनॉमी में बहुत बड़ा बदलाव है। 10 करोड़ स्वयं सहायता समूहों में हमारी माताएँ-बहनें जुड़ी हुई हैं और 3 करोड़ हमारी लखपति दीदी हैं, ये अपने आप में हमारी बेटियों के उत्कर्ष की गाथा लिख रही हैं। ...(**व्यवधान**)...

आदरणीय सभापति जी, ऐसे अनेक क्षेत्र हैं, जिन क्षेत्रों में मैं साफ देख रहा हूँ कि आने वाले 5 साल - हम कभी सुना करते थे कि भारत में स्वर्णिम युग था। मुझे वो दिन दूर नहीं दिखते, जब 5 साल में वह मजबूत नींव आयेगी और 2047 तक पहुँचते-पहुँचते यह देश उस स्वर्णिम युग को फिर से जीने लगेगा। मुझे यह विश्वास है। ...(**व्यवधान**)...

आदरणीय सभापति जी, 'विकसित भारत' - यह शब्दों का खेल नहीं है, यह हमारा कमिटमेंट है और इसके लिए हम समर्पित भाव से लगे हैं। हमारी हर सांस उस काम के लिए है, हमारा हर पल उस काम के लिए है, हमारी हर सोच उस काम के लिए समर्पित है। उसी एक भावना के साथ हम चले हैं, चल रहे हैं, चलते रहेंगे और देश आगे बढ़ता रहेगा, यह मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ। आने वाली सदियाँ इस स्वर्ण काल को इतिहास में अंकित करेंगी। यह विश्वास मेरे मन में इसलिए है कि देश की जनता का मिजाज़ मैं भलीभाँति समझ रहा हूँ। देश ने बदलाव के 10 साल के अनुभव को देखा है। ...(**व्यवधान**)... उसने एक-एक क्षेत्र में जो बदलाव देखा है, वह तेज गति से बदलाव जीवन के हर क्षेत्र में ...(**व्यवधान**)... जीवन के हर क्षेत्र में नयी ऊँचाइयाँ, नये आयाम, नयी ताकत प्राप्त होने वाली है और हर संकल्प को सिद्धि तक पहुँचाना - यह हमारी कार्यशैली का हिस्सा है।

आदरणीय सभापति जी, मैं फिर एक बार कहूँगा कि इस सदन में आप सबने जो विचार रखे, उसके कारण मुझे देश के सामने सत्य रखने का जो अवसर मिला और डंके की चोट पर सत्य रखने का अवसर मिला तथा सदन की पवित्रता के बीच रखने का अवसर मिला है, संविधान

का पूरा साक्ष्य रख कर यह विचार रखने का अवसर मिला है। मुझे विश्वास है कि देश, जिनकी वारंटी खत्म हो गयी है, उनकी बातें नहीं सुन सकता है, जिसकी गारंटी की ताकत देखी है, उसके विचारों के ऊपर विश्वास करते हुए आगे बढ़ेगा।

आदरणीय सभापति जी, मैं फिर एक बार आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ और आदरणीया राष्ट्रपति जी को मेरी तरफ से उनके व्याख्यान के लिए आदरपूर्वक अभिनन्दन और आभार व्यक्त करते हुए मैं अपनी वाणी को विराम देता हूँ। बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: I shall now take up Amendments (Nos. 1 to 4) moved by Shri Tiruchi Siva. Are you pressing your Amendments?

SHRI TIRUCHI SIVA (Tamil Nadu): Yes, Sir.

MR. CHAIRMAN: I shall now put the Amendments (Nos. 1 to 4) to vote.

The Amendments (Nos. 1 to 4) were negatived.
...(Interruptions)...

(At this stage some hon. Members left the Chamber)

MR. CHAIRMAN: I shall now take up Amendments (Nos. 5 to 7) and (Nos. 18 to 23) moved by Shri M. Shanmugam. Are you pressing your Amendments?

SHRI M. SHANMUGAM (Tamil Nadu): Yes, Sir.

MR. CHAIRMAN: I shall now put the Amendments (Nos. 5 to 7) and (Nos. 18 to 23) to vote.

The Amendments (Nos. 5 to 7) and (Nos. 18 to 23) were negatived.

MR. CHAIRMAN: I shall now take up Amendments (Nos. 14 to 17) moved by Shri Elamaram Kareem. Are you pressing your Amendments?

SHRI ELAMARAM KAREEM (Kerala): Yes, Sir.

MR. CHAIRMAN: I shall now put Amendments (Nos. 14 to 17) to vote.

The Amendments (Nos. 14 to 17) were negatived.

MR. CHAIRMAN: I shall now take up Amendments (Nos. 25 to 34) moved by Dr. Ashok Kumar Mittal. Are you pressing your Amendments?

DR. ASHOK KUMAR MITTAL (Punjab): Sir, I withdraw.

The Amendments (Nos. 25 to 34) were, by leave, withdrawn.

MR. CHAIRMAN: Amendments are withdrawn.

I shall now put Amendments (Nos. 42 to 46) moved by Shrimati Jebi Mather Hisham to vote. She is not present.

The Amendments (Nos. 42 to 46) were negatived.

MR. CHAIRMAN: I shall now put Amendments (Nos. 55 to 63) moved by Shri Sandosh Kumar P. Are you pressing your Amendments?

SHRI SANDOSH KUMAR P (Kerala): Yes, Sir.

MR. CHAIRMAN: I shall now put Amendments (Nos. 55 to 63) to vote.

The Amendments (Nos. 55 to 63) were negatived.

MR. CHAIRMAN: I shall now take up Amendments (Nos. 64 to 70) moved by Dr. John Brittas. Are you pressing your Amendments?

DR. JOHN BRITTAS (Kerala): Indeed I am pressing.

MR. CHAIRMAN: I shall now put Amendments (Nos. 64 to 70) to vote.

The Amendments (Nos. 64 to 70) were negatived.

MR. CHAIRMAN: I shall now put Amendments (Nos. 71 to 77) moved by Dr. Kanimozhi NVN Somu to vote. She is not present.

The Amendments (Nos. 71 to 77) were negatived.

MR. CHAIRMAN: I shall now put Amendments (Nos. 78 to 84) moved by Shri R. Girirajan to vote. He is not present.

The Amendments (Nos. 78 to 84) were negatived.

MR. CHAIRMAN: I shall now put Amendments (Nos. 85 to 92) moved by Shri Shaktisinh Gohil to vote. He is not present.

The Amendments (Nos. 85 to 92) were negatived.

MR. CHAIRMAN: I shall now put Amendments (Nos. 93 and 94) moved by Shri M. Mohamed Abdullah to vote. He is not present.

The Amendments (Nos. 93 to 94) were negatived.

MR. CHAIRMAN: I shall now take up Amendments (Nos. 95 to 101) moved by Shri A. D. Singh. Are you pressing your Amendments?

SHRI A. D. SINGH (Bihar): Sir, I withdraw.

The Amendments (Nos. 95 to 101) were, by leave, withdrawn.

MR. CHAIRMAN: I shall now put Amendment (No. 102) moved by Shri Digvijaya Singh to vote. He is not present.

The Amendment (No. 102) was negatived.

MR. CHAIRMAN: I shall now put the motion to vote:

That an Address be presented to the President in the following terms:

"That the Members of the Rajya Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the President for the Address which she has been pleased to deliver to both Houses of Parliament assembled together on January 31st, 2024."

The motion was adopted.